दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है





# बजट

## महाराष्ट्र को रेलवे बजट में 15,940 करोड़ रुपए

### रिकॉर्ड आवंटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वित्त वर्ष 2024-25 के आम बजट में रेलवे प्रोजेक्ट्स के लिए महाराष्ट्र की झोली में 15,940 करोड़ रुपए दिए हैं। यह बढ़ोतरी बीते वर्षों की तुलना में 13 I5 गुना अधिक होने की जानकारी रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को हुई ऑनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में दी।

### निवेश

महाराष्ट्र में नई रेल लाइन, दोहरी, तीसरी, चौथी रेल लाइन प्रोजेक्ट्स के लिए 81 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। इसके अलावा स्टेशन पुनर्विकास, फ्रेट कॉरिडोर, बुलेट ट्रेन, हाईस्पीड रैक, गतिशक्ति, टर्मिनल आदि जैसे अन्य प्रोजेक्ट्स को इसमें जोड़ लिया जाए तो यह आंकड़ा 1 लाख 30 हजार करोड़ रुपए होता है।

### नए रेलवे ट्रैक

मंगलवार को पेश हुए बजट के बाद मुंबई पहुंचे रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि महाराष्ट्र में हर साल 180 किलोमीटर के नए रेलवे ट्रैक बन रहे हैं। जबकि, यूपीए सरकार के दौर में यह आंकड़ा महज 50-60 किलोमीटर/वर्ष था।

### 10000 जनरल बोगी

आम रेलयात्रियों की दिक्कतों को दूर करने की दृष्टि से भारतीय रेलवे द्वारा इस वर्ष 2500 जनरल कोच बना रहा है। अगले दो सालों में यह संख्या बढ़कर 10 हजार होने की बात रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कही।

## अगले पांच वर्षों में बदल जाएगा मुंबई का यातायात

# मुंबई में बढ़ेंगी 250 लोकल और 100 मेल एक्सप्रेस

मुंबई। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अगले पांच वर्षों में मुंबई से 50 से 100 और लंबी दूरी की ट्रेनों के साथ-साथ पश्चिम रेलवे (डब्ल्यूआर) और मध्य रेलवे (सीआर) में 250 अतिरिक्त लोकल ट्रेन सेवाएं चलाने की योजना की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अगले 5 वर्षों में मुंबई का यातायात होगा सुविधा और सुरक्षा से भरा।



### ट्रेनों के बीच के गैप को 180 सेकंड से 150 सेकंड तक कम करने का प्रयास जारी

गौरतलब है कि वेस्टर्न रेलवे प्रतिदिन 1,394 लोकल ट्रेन सेवाएं और सेंट्रल रेलवे 1,810 सेवाएं चलती है। जिसमें सेंट्रल रेलवे में 40 लाख और वेस्टर्न रेलवे में 35 लाख यात्री रोज सफर करते हैं। वैष्णव ने महाराष्ट्र के लिए रेलवे आवंटन पर चर्चा करते हुए कहा कि हमने मेल और उपनगरीय ट्रेन यातायात को अलग करने के लिए परियोजनाएं बनाई हैं। हम ट्रेनों के बीच के गैप को 180 सेकंड से 150 सेकंड तक कम करने के लिए उन्नत तकनीक पर भी काम कर रहे हैं। मुंबई शहरी परिवहन परियोजना 2ए, 3 और 3ए के हिस्से के रूप में क्षमता वृद्धि परियोजनाएं चल रही हैं, जिन्हें मुंबई रेलवे विकास निगम (एमआरवीसी) द्वारा निष्पादित किया जा रहा है।

### बुलेट का 320 किमी का वायडक्ट पूरा

वैष्णव ने मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड कॉरिडोर की प्रगति पर भी प्रकाश डाला, जिसमें 508 किमी की परियोजना के लिए पहले से ही 320 किमी का वायडक्ट बनाया गया है। महाराष्ट्र में शिंदे-फडनवीस सरकार के सत्ता में आने के बाद से काम ने गति पकड़ ली है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बुलेट ट्रेन परियोजना को केवल एक परिवहन पहल के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि गलियारे के साथ क्षेत्र में आर्थिक विकास के उत्प्रेरक के रूप में देखा जाना चाहिए।

### परेल में छह प्लेटफार्मो का टर्मिनल स्टेशन

वैष्णव ने यह भी उल्लेख किया कि तटीय सड़क परियोजना और मेट्रो कॉरिडोर से मुंबई में परिवहन की स्थिति में सुधार करने में मदद मिलेगी। मुंबई और पुणे सहित महाराष्ट्र में और अधिक टर्मिनल और मेगा टर्मिनल स्टेशन खोलने की योजना है, जो 50 से 100 लंबी दूरी की ट्रेन सेवाओं की शुरूआत की सुविधा प्रदान करेगा। मध्य रेलवे के महाप्रबंधक आर के यादव ने कहा, 'वर्तमान में, लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) में 5 प्लेटफॉर्म हैं, 2 कमीशन चल रहे हैं और हम चार और प्लेटफॉर्म जोड़ने की योजना हैं। यह एलटीटी को लंबी दूरी की ट्रेन सेवाओं को संभालने में सक्षम बनाएगा। यादव ने बताया कि परेल कार्यशाला में छह प्लेटफार्मों के साथ एक टर्मिनल स्टेशन बनाने की योजना है। पुणे में, शिवाजी नगर, खडकी, हडपसर और उरुली में टर्मिनल स्टेशनों की योजना बनाई गई है।

### कवच 4 I0 वर्जन को आरडीएसओ की मंजूरी

रेल हादसों को टालने के लिए वर्ष 2016 में कवच सिस्टम का पहला वर्जन बना और 2019 में इसे प्रमाणपत्र मिला। इसका पेटेंट भी हुआ। भारतीय कवच सिस्टम यूरोप की तुलना में अत्याधुनिक है। कवच के 1, 2,3 वर्जन के बाद अब 4 I0 वर्जन को गत सप्ताह ही आरडीएसओ ने मंजूरी दी है। इससे आगामी समय में तेजी के साथ कवच सिस्टम संपूर्ण भारतीय रेलवे में स्थापित करने की बात रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कही। इसके तहत रेलवे ट्रैक पर ओएफसी के बल, टेलीकॉम टॉवर, स्टेशन पर डाटा सेंटर, ट्रेनों में कवच सिस्टम लगाने जैसे काम होंगे।

# महाराष्ट्र में सियासी भूचाल लाने वाला दावा

## अजित पवार, उद्धव ठाकरे, अनिल परब और आदित्य ठाकरे को झूठे मामले में फंसाने की थी प्लानिंग

## अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के संस्थापक श्याम मानव और तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख का दावा

**धीरज सिंह । मुंबई**

अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के संस्थापक श्याम मानव के एक दावे से महाराष्ट्र की सियासत में एक बार फिर भूचाल आ सकता है। श्याम मानव के दावे के मुताबिक अजित पवार, उद्धव ठाकरे, अनिल परब और आदित्य ठाकरे को झूठे मामले में जेल भेजा जाना था। लेकिन तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख ने इनकार कर दिया जिसके चलते उन्हें खुद जेल में तेरह महीने बिताने पड़े।



### श्याम मानव ने क्या दावा किया?

श्याम मानव ने मीडिया को बताया है कि एक नेता ने अनिल देशमुख को चार हलफनामे भेजे। उन्हें बताया गया कि अगर आप चारों हलफनामों पर हस्ताक्षर करते हैं तो आपको ईडी की जांच का सामना नहीं करना पड़ेगा, आपको जेल जाने की जरूरत नहीं है। लेकिन अनिल देशमुख ने इन हलफनामों पर हस्ताक्षर नहीं किया। अगर देशमुख इन हलफनामों में हस्ताक्षर कर देते तो अजित पवार, उद्धव ठाकरे, अनिल परब और आदित्य ठाकरे को झूठे मामले में जेल भेज दिया जाता।

### जिन 4 हलफनामों का जिक्र उनमें क्या था?

श्याम मानव ने कहा कि सत्ता में आते ही साजिश करने वालों ने अपने हाथ पीछे खींच लिए लेकिन इन लोगों को पहचाना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्या संजय राउत के बारे में कुछ साबित हुआ है? उन चार हलफनामों में क्या था इसके बारे में श्याम मानव ने दावा किया है कि पहला हलफनामा उद्धव ठाकरे को लेकर था, जो उस समय महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थी, हलफनामे में लिखा था कि उद्धव ने मातोश्री पर अनिल देशमुख को बुलाया और उन्हें पैसे इकट्ठा करने के लिए कहा। दूसरा हलफनामा यह था कि उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे के बेटे दिशा सालियान को प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। तीसरा हलफनामा अनिल परब के बारे में था, उन्हें कुछ अवैध निर्माणों के बारे में एक हलफनामे पर हस्ताक्षर करने को कहा गया था। इसके अलावा चौथे हलफनामे में अजित पवार का जिक्र था। हलफनामे के अनुसार अजित पवार ने अनिल देशमुख को देवगिरी बंगले पर बुलाया और इस दौरान अजित पवार के बेटे पार्थ पवार भी मौजूद थे। इस दौरान अजित पवार ने अनिल देशमुख को गुटखा कारोबारियों से पैसा इकट्ठा करने को कहा था। काफी सोचने के बाद अनिल देशमुख ने हलफनामे में दस्तखत नहीं किए। इसके बाद उन्होंने 13 महीने जेल में बिताने पड़े।

### कई लोगों को फंसाने वाला हलफनामा लेकर आया था व्यक्ति : देशमुख

इस बीच एनसीपी के शरद पवार गुट के नेता अनिल देशमुख ने कहा है कि श्याम मानव का दावा सही है। देशमुख के मुताबिक, इस ऑफर में पूर्व की महा विकास अघाड़ी सरकार में महत्वपूर्ण हस्तियों के खिलाफ हलफनामा देने को कहा गया था। अनिल देशमुख ने कहा कि फडणवीस ने कथित तौर पर उनके पास एक व्यक्ति भेजा था, जो तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, उनके बेटे आदित्य ठाकरे, तत्कालीन वित्त मंत्री अजीत पवार और तत्कालीन परिवहन मंत्री अनिल परब को फंसाने वाला एक हलफनामा लेकर आया था। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्ति ने उनसे कहा कि अगर मुकदमेबाजी में फंसने से बचना है तो उन्हें इस हलफनामे पर हस्ताक्षर कर देना चाहिए

### फडणवीस ने आरोपों से किया इनकार



देशमुख के इन आरोपों पर उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि अनिल देशमुख को पता होना चाहिए कि उनकी अपनी पार्टी के नेताओं ने मुझे कई सबूत दिए हैं। फडणवीस ने कहा कि अगर मेरे खिलाफ इसी तरह झूठे आरोप लगाए जाते रहे तो मैं इन सबूतों को सार्वजनिक कर सकता हूं। मेरे पास इसका विकल्प खुला हुआ है।

# नेपाल में प्लेन क्रैश 18 लोगों की मौत

## पायलट रेस्क्यू किया गया, टेकऑफ के दौरान हुआ हादसा

**एजेंसी । काठमांडू**

नेपाल की राजधानी काठमांडू में बुधवार सुबह एक विमान क्रैश हो गया है। प्लेन में सवार 19 लोगों में से 18 की मौत हो गई है। वहीं घायल पायलट कैप्टन एम. शाक्य को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया है। प्लेन काठमांडू से पोखरा जा रहा था। प्लेन ने सुबह करीब 11 बजे त्रिभुवन एयरपोर्ट से उड़ान भरी। इसके कुछ ही देर के अंदर यह क्रैश हो गया। 9N-AME प्लेन सौर्य एयरलाइन्स का था। हादसे में मारे गए लोगों में से 17 सौर्य एयरलाइंस के ही स्टाफ थे, जबकि बाकी 2 क्रू मेंबर्स थे। हादसे में मारे गए 18 लोगों में से तीन एक ही परिवार के हैं। इनमें मुन राज शर्मा उनकी पत्नी प्रीजा खाटिवाडा और उनका चार साल का बेटा आदि राज शर्मा शामिल है।



### मरम्मत के बाद टेस्टिंग के लिए भरी थी उड़ान

दरअसल 21 साल पुराने इस प्लेन को मरम्मत कर टेस्टिंग के लिए ले जाया जा रहा था। प्लेन में मौजूद लोग कंपनी का टेस्टिंग स्टाफ था। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, हादसे के तुरंत बाद पुलिस और फायर फाइटर्स की टीम घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए पहुंची। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि क्रैश के बाद विमान में आग लग गई थी। इसे तुरंत बुझा दिया गया। घटनास्थल से सामने आई तस्वीरों में धुएं का गुबार उठता दिख रहा है। हालांकि, हादसा किस वजह से हुआ इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।

# फेक निकला गैंगस्टर आनंदपाल एनकाउंटर

**SP समेत 5 पुलिस-कर्मियों पर चलेगा हत्या का केस**



**एजेंसी । जयपुर**

राजस्थान के चर्चित गैंगस्टर आनंदपाल सिंह के एनकाउंटर मामले में अब नया मोड़ सामने आया है। इस मामले में जोधपुर ACJM सीबीआई कोर्ट ने CBI की क्लोजर रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। इस एनकाउंटर में शामिल 5 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एक्शन लिया है। कोर्ट ने एनकाउंटर में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ धारा 302 के तहत मुकदमा चलाने और जांच के आदेश दिए हैं। बता दें कि 24 जून 2017 को आनंदपाल का एनकाउंटर हुआ था। इस एनकाउंटर को फर्जी बताते हुए परिजनों ने केस दर्ज करवाया गया था।

### इन अधिकारियों पर चलेगा केस

जिसके बाद कोर्ट ने एनकाउंटर में शामिल तत्कालीन चुरु एसपी राहुल बारहट, तत्कालीन एडिशनल एसपी विद्या प्रकाश चौधरी, डीएसपी सूर्यवीर सिंह राठौड़, आरएसी हेड कांस्टेबल कैलाश के खिलाफ मुकदमा चलाने का आदेश दिया है।

## एनडीआरएफ अलर्ट मोड पर, गढ़चिरौली में 15 गांव पानी में डूबे

# महाराष्ट्र में आफत वाली बारिश, पांच जिलों में बाढ़ के हालात

**मुनीब चौरसिया । मुंबई**

महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश हो रही है। कई जगहों पर बारिश और जलभराव से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। नदियां-नाले उफान पर हैं। नागपुर समेत विदर्भ में पिछले दो-तीन दिनों से धुंआधार बारिश हो रही है। पूर्वी विदर्भ में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और कई सड़कें जलमग्न हैं। भंडारा, गोंदिया, गढ़चिरौली, चंद्रपुर, यवतमाल, वर्धा, नागपुर समेत विदर्भ के अधिकांश स्थानों पर भारी बारिश जारी है। परिणामस्वरूप, कई नदी नाले उफान पर हैं और नदी किनारे बसे गांवों में पानी घुस गया है। इसके साथ ही कई गांवों का मुख्य शहरों से संपर्क टूट गया है।





### 15 गांव पानी में डूबे

गढ़चिरौली जिले में पिछले कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण नदी और नाले उफान पर हैं। बाढ़ के चलते करीब 15 गांव पानी में डूब गए हैं। जिले में भारी बारिश की वजह से हालात लगातार खराब होते जा रहे हैं। बाढ़ का पानी कई गांवों के अंदर तक घुस गया है। वहीं, प्रशासन की ओर से बाढ़ से निपटने के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं। बाढ़ के हालातों के चलते एहतियात के तौर पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के मार्गों को बंद कर दिया गया है।

### मुंबई और पुणे जिले में भी मूसलाधार बारिश

पुणे जिले में भी बारिश का जोर बढ़ा है। इससे निचले इलाकों में पानी जमा हो गया। जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। वहीं पर्यटन नगरी लोनावला (Lonavala Rain) में बादल फटने जैसी बारिश हुई है। लोनावला और आसपास के इलाकों में मूसलाधार बारिश होने से निचले इलाकों में पानी भर गया। इस पानी के कारण मलवली इलाके के एक बंगले में 20 से 22 पर्यटक फंस गए। बाद में उन्हें सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

### कुंडलिका नदी खतरे के निशान को पार

रायगढ़ जिले में पिछले कई दिनों से हो रही बारिश से कुंडलिका नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। इससे नदी किनारों पर बसे लोगों को स्थलांतरित करने का काम जिला प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। सांगली नदी में कृष्णा नदी का जलस्तर भी लगातर बढ रहा है। इससे जिला प्रशासन सतर्क है।पिछले 4 दिन से मुंबई में लगातार बारिश हो रही है। कई इलाकों में जलभराव हो गया है लेकिन मुंबई नगर निगम की ओर से पंपिंग के सहयोग जलनिकासी का काम जारी है।

# जाली दस्तावेज के आधार पर पाकिस्तान गई महिला

## ठाणे में दर्ज हुआ मामला

दोपहर संवाददाता । ठाणे

जाली दस्तावेज के आधार पर पाकिस्तान की यात्रा करने वाली महिला नगमा मगसूद अली व एक अन्य के विरुद्ध ठाणे जिले के वर्तक नगर पुलिस स्टेशन में बुधवार को मामला दर्ज किया गया है। वर्तक नगर पुलिस स्टेशन की टीम आज उस महिला से पूछताछ कर रही है। इस मामले में महिला को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।




### अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं

खुफिया एजेंसियों ने बाद में जाली दस्तावेज का पता लगाया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने जाली दस्तावेज का उपयोग करके पासपोर्ट और वीजा प्राप्त करने के लिए महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की पुष्टि की है। पुलिस ने कहा कि अपराध की जांच चल रही है और अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### क्या है मामला?

पुलिस के अनुसार 23 वर्षीय नगमा मगसूद अली ने एक अन्य व्यक्ति की सहायता से पासपोर्ट और वीजा हासिल करने के लिए पुलिस को जाली दस्तावेज सौंपे थे। वर्तक नगर पुलिस स्टेशन में दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 465 (जालसाजी), 468 (धोखाधड़ी), 471 (झूठे दस्तावेजों का उपयोग करना), 419 (प्रतिरूपण) और 420 (धोखाधड़ी) के साथ भारतीय पासपोर्ट अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत शिकायत दर्ज की थी। पुलिस के अनुसार महिला ने मई, 2023 से मई, 2024 तक अपने और अपनी बेटी के लिए बदले हुए नामों के साथ अपने पैन कार्ड, आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र सहित महत्वपूर्ण जाली दस्तावेज पासपोर्ट और वीसा के लिए बनवाए थे। पुलिस के अनुसार ये दस्तावेज कथित तौर पर लोकमान्य नगर बस डिपो में एक ज़ेरॉक्स की दुकान पर बनाए गए थे और पासपोर्ट आवेदन के साथ संलग्न किए गए थे। उसने सत्यापन के लिए ये दस्तावेज वर्तक नगर पुलिस स्टेशन में भी जमा किए। इन जाली दस्तावेजों के आधार पर उसने पासपोर्ट और बाद में पाकिस्तान के लिए वीजा हासिल किया। इसके बाद पाकिस्तान की यात्रा की और हाल ही में वह पाकिस्तान से भारत लौटी है।

# बिजली विभाग की लापरवाही से हो सकता है हादसा



दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर में बिजली विभाग की अनदेखी के करण कई ट्रांसफार्मर के नीचे लगी डीपी के दरवाजे खुले हैं, जिस कारण कभी भी दुर्घटना घाट सकती है।

### पिछले साल हुआ था हादसा

विगत वर्ष उल्हासनगर-2 आजाद नगर में बॉल खेलते समय बॉल लेने जाते समय बिजली के तार में चपेट में आ गया था, जिसके कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गईं थी। इसी तरह से ईगल होटल के समीप एक नेस्टा वाले के ऊपर बिजली का तार गिर गया जिसके कारण बिक्रेता की मौत हो गई। पिछले माह उल्हासनगर चार में बिजली के खंभे को हाथ लगाते बिजली कर्मचारी की भी मौत हो गयी थी।

### कई धोखादायक विद्युत उपकरण

गोल मैदान परिसर में बालाजी मेडिकल स्टोर के बागल के ट्रांसफार्मर का डीपी खुला हुआ है। ट्रांसफार्मर क्षेत्र वर्जित क्षेत्र होता है। इसके बावजूद खुला रखा गया हैं। शहर में ऐसे कई धोखादायक विद्युत उपकरण हैं, जो खुले है। इससे किसी की भी जान जा सकती है। इसे लेकर समाजसेवक दिनेश मीरचंदानी ने सोशल मीडिया के माध्यम से बिजली विभाग को अवगत कराया है।

# बजट के विरोध में एनसीपी (एसपी) ने किया आंदोलन

दोपहर संवाददाता । ठाणे

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शरद चंद्र पवार पार्टी के विधायक जीतेंद्र आव्हाड के मार्गदर्शन में ठाणे में 'केंद्र सरकार के पेश किए बजट में.. महाराष्ट्र के हाथ में गाजर' का नारा लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के हाल ही के बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश को ही राहत दी गई है, लेकिन महाराष्ट्र को कुछ खास नहीं दिया गया है। इस संबंध में, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) ने शहर अध्यक्ष सुहास देसाई और कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश पाटिल के नेतृत्व में ठाणे में विरोध प्रदर्शन किया। एनसीपी-शरदचंद्र पवार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए। इस मौके पर सभी कार्यकर्ता अपने हाथों में गाजर लिए हुए थे।

# मनपा अधिकारियों ने शहर के विभिन्न नालों का किया निरीक्षण

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

प्रशासक एवं आयुक्त डॉ. अजीज शेख के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर एवं किशोर गवास के निर्देशानुसार उपायुक्त डॉ. सुभाष जाधव एवं स्टोर विभाग प्रमुख अंकुश कदम ने उल्हासनगर शहर के गुलशन नगर, कलानी कॉलेज, कोणार्क रेजीडेंसी, शहद फाटक एवं खन्ना कंपाउंड, शांति नगर एवं कुछ नालों का निरीक्षण किया तो कहीं भी जलस्तर में वृद्धि नहीं पाई गई। चूंकि उल्हासनगर शहर में सुबह से ही भारी बारिश हो रही है, इसलिए एहतियात के तौर पर नालों के किनारे रहने वाले सभी नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पलायन करने की सलाह दी गई है। पप्पू गार्डन, फाल्वर लाइन रोड, उल्हासनगर-3 में गुलमोहर के पेड़ की एक बड़ी शाखा सड़क पर गिर गई। उल्हासनगर-3 के विठ्ठलवाड़ी



में गोपाल कृष्ण नगर, गुड्डू गैरेज के सामने तथा पूर्व मनपा सदस्य मीना सोंडे के घर के पास पेड़ गिर गया, तथा उल्हासनगर-4 के कुर्ला कैंप क्षेत्र में चार पहिया वाहन पर पेड़ गिर गया। वाहन क्षतिग्रस्त हो गया तथा किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। उपरोक्त सभी पेड़ों को हटाने का कार्य अग्निशमन विभाग के माध्यम से किया गया है। इस समय प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सुरेश बॉम्बे प्रत्यक्ष निरीक्षण कर रहे हैं। समय-समय पर होने वाली बारिश से होने वाले नुकसान को बचाने के लिए मनपा की अग्निशमन व्यवस्था, आपातकालीन व्यवस्था, भंडारण विभाग तथा संबंधित व्यवस्थाएं काम कर रही हैं।

# सेंधमारी करने वाले अंतरराज्यीय टोली के 5 आरोपी गिरफ्तार

## 3.41 लाख रुपए की 3 किलो चांदी के दागिने बरामद



दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी क्राइम ब्रांच पुलिस ने ज्वेलर्स की दुकान की दीवार में छेद कर सेंधमारी की घटना को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय टोली के 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने अधिक मात्रा में चांदी के दागिने बरामद किया है। यह जानकारी भिवंडी क्राइम ब्रांच के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक योगेश आव्हाड ने दी है।

### कई राज्यों में सेंधमारी के मामले दर्ज

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक योगेश ने बताया कि पुलिस हवलदार अमोल देसाई को गुप्त जानकारी मिली के दमन राज्य में एक ज्वेलर्स की दुकान में सेंधमारी की घटना को अंजाम देने के बाद वहां से चोरी किया गया दागिने को पांच आरोपी भिवंडी के नागांव में बिक्री करने आने वाले है। जानकारी मिलते ही वरिष्ट पुलिस निरीक्षक योगेश आव्हाड के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक धनराज केदार, पुलिस उपनिरीक्षक निसार तड़वी, पुलिस हवलदार अमोल देसाई, शशिकांत यादव, सचिन सालवी, मंगेश शिर्के, शाबीर शेख, सचिन जाधव, भावेश घरत और अमोल इंगले आदि पुलिस की टीम ने नागांव इलाके में जाल बिछाया और (1) डोंबिवली निवासी खालिक बाहर अली हाजी शेख 50वर्ष, (2) राजू गोपाल सिंह निवासी वसई जिला पालघर, (3) प्रेम उदय राम शर्मा 31वर्ष निवासी पालघर, (4) रमेश उर्फ खड़क गंगाराम अवजी 39वर्ष और सुजल मकबूल शेख 35वर्ष ठाणे घोड़ बंदर निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से पुलिस ने 3 लाख 41000 रूपये मूल के चांदी के आभूषण बरामद किया है।

# कबाड़ी से रिश्वत मांगने वाले दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज

दोपहर संवाददाता । अंबरनाथ

ठाणे जिले में अंबरनाथ के शिवाजीनगर में एक कबाड़ी से रिश्वत मांगने वाले दो पुलिस कर्मियों के विरुद्ध एंटी करप्सन ब्यूरो (एसीबी) में शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया है। इस मामले की गहन छानबीन एसीबी की टीम कर रही है। पुलिस के अनुसार अंबरनाथ के शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन में कार्यरत पुलिस कर्मी चंद्रकांत बबन शिंदे और सचिन सदाशिव माने ने इसी क्षेत्र के एक कबाड़ी की गाड़ी जब्त कर लिया था और गाड़ी छोडने के लिए 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। इसकी शिकायत मिलने पर एसीबी ने मामले की छानबीन की और मंगलवार को शाम को शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन का मामला दर्ज कराया है।

# मुंबई-नासिक हाईवे पर आवागमन होगा आसान

## पीडब्ल्यूडी मंत्री भूसे ने दिए जल्द कार्य करने के आदेश

दोपहर संवाददाता । रायगढ़

लोक निर्माण मंत्री दादाजी भुसे ने निर्देश दिया कि मुंबई-नासिक-मुंबई राजमार्ग पर लंबित कार्यों को तुरंत पूरा किया जाना चाहिए। सार्वजनिक निर्माण मंत्री दादाजी भूसे ने सुबह ठाणे कलेक्टर कार्यालय के समिति कक्ष में मुंबई-नासिक-मुंबई राजमार्ग के चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा के उपरांत, संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर ठाणे कलेक्टर अशोक शिंगारे, एमएसआरडीसी के प्रबंध निदेशक और उपाध्यक्ष अनिल गायकवाड़, पुलिस अधीक्षक डॉ. डी. स्वामी, परिवहन उपायुक्त डॉ. डॉ. विनय कुमार राठौड़ तथा, राजमार्ग सुरक्षा पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे। लोक निर्माण मंत्री भुसे ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुंबई-ठाणे-नासिक राजमार्ग ठाणे से वडापे तक 120 किमी और वडापे से नासिक तक 97 किमी है पुल का काम जल्द से जल्द शुरू करने के लिए उचित योजना बनाकर काम पूरा करें।



### रेलवे पुलों का काम प्रगति पर

उधर आसनगांव के पास रेलवे पुलों का काम प्रगति पर है। इस पुल को बनने में तीन महीने का समय लगेगा, लेकिन तब तक मौजूदा पुल की जल्द से जल्द मरम्मत कर यातायात सुचारू करें। उन्होंने आगे कहा, वडपे से ब्रिज का काम जल्द से जल्द पूरा करें। ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए ठाणे से वडापे इलाके में ट्रैफिक पुलिस की मदद के लिए 170 पुलिस मित्र दिए गए हैं। इनके बीच समन्वय स्थापित कर यातायात नियंत्रण के संबंध में उचित योजना बनाई जाए। सभी प्रणालियों को एक-दूसरे के साथ समन्वय करना चाहिए और नागरिकों को कम से कम असुविधा हो, इस पर पूरा ध्यान देना चाहिए।

# बह गई दो गांव को जोड़ने वाली पुलिया

### ग्रामीणों व विद्यार्थियों का बुरा हाल

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी तालुका के पारोल रोड पर कुहे ग्राम पंचायत के दो आदिवासी पाड़ा को जोड़ने वाली सड़क पर मई महीने में बनी पुलिया दो महीने में ही बह गई है। दिलचस्प बात यह है कि इस पुलिया को बनाने में 18 लाख रुपये खर्च हुए हैं। जो पहली बरसात में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर बह गई है। ग्रामीण के योगेश कटेल ने ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कुहे भिवंडी तालुक में परोल के माध्यम से वसई को



जोड़ने वाली सड़क पर 100 प्रतिशत आदिवासी आबादी वाली एक ग्राम पंचायत है। इस ग्राम पंचायत में कुल 12 पाड़ा हैं और इस गांव से होकर एक मानसूनी नाला बहता है। राजाराम नगर भूरे पाड़ा और भावर पाड़ा दोनों को जोड़ने के लिए पंचायत समिति के निर्माण विभाग की ओर से गर्मियों में 18 लाख की लागत से पुल बनाया गया था।

# नकली पुलिस गैंग ने बनाया बिल्डर को निशाना

### 3 लोगों पर केस दर्ज, कोई गिरफ्तार नहीं

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी में नकली पुलिस गैंग सक्रिय है,जो राहगीरों को चोरों का भय दिखाकर आए दिन ठगी करने की घटनाओ को अंजाम दे रहे है। नकली पुलिस गिरोह ने मुंबई नासिक हाइवे स्थित पिंपलास फाटा के पास तीन लोगों ने खुद को पुलिस कर्मी बताकर काल्हेर गांव के रहने वाले एक बिल्डर के साथ ठगी करने की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए।जिन पर पर अंकुश लगाने में असली पुलिस पूरी तरह नामाम साबित हो रही है।

### नकली पुलिस गैंग सक्रिय

पुलिस के अनुसार, मुंबई नाशिक हाइवे पर स्थित पिंपलास गांव फाटा के पास दोपहर पौने 2 बजे के करीब बिल्डर का काम करने वाले विकास वामन पाटिल ने अपनी अर्टिगा कार से जा रहे थे। इस दरमियान रेनकोट पहनकर मोटरसाइकिल पर बैठकर दो लोग आए और उनकी कार को साइड में रोका। इस दरमियान एक और व्यक्ति आया और कहने लगा कि वह लोग पुलिसकर्मी है। इस जगह पर बहुत चोरी होती है। तुम अपने गले से सोने की चैन निकालकर रख लो और उन्हें विश्वास में लेकर एक रूमाल में सोने की चैन लपेट कर दे दिया। जब उन्हें शंका हुई तो रूमाल खोलकर देखा तो उसमें कंक्रीट मिला। तब उन्हें जाकर ठगे जाने का एहसास हुआ, जिसके बाद उन्होंने कोनगांव पुलिस स्टेशन में तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ बी.एन.एस.कलम 204,318(4),3(5) के तहत केस दर्ज कर लिया है। इसकी आगे की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक सकपाल कर रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि शहर व आस पास में इस प्रकार नकली पुलिस द्वारा हर माह कहीं न कहीं ठगी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है।

# भिनार आदिवासी आश्रम स्कूल के प्रवेश द्वार पर भरा पानी

### छात्रों को दो फीट पानी से होकर जाना पड़ रहा है स्कूल

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी तालुका के भिनार गांव में सरकारी आदिवासी माध्यमिक आश्रम स्कूल के प्रवेश द्वार के सामने दो फीट पानी है और बाहर से स्कूल आने वाले छात्रों को स्कूल तक पहुंचने के लिए इस



पानी से होकर गुजरना पड़ता है। जिसके लिए बहुत से छात्र स्कूल आने को तैयार नहीं हैं और कुछ अभिभावक छात्रों को अपने साथ छोड़ने आ रहे हैं। इस आश्रम स्कूल की सुरक्षा दीवार के पास बड़े पैमाने पर निजी निर्माण किया गया है और इसके कारण यहां का प्राकृतिक नाला अवरुद्ध हो गया है। यह बरसाती पानी आश्रम विद्यालयों के प्रवेश द्वार के सामने सड़क पर जमा हो रहा है। कई अभिभावकों ने इसकी शिकायत की है, जिसे लेकर आश्रम स्कूल के प्रधानाध्यापक ने आदिवासी परियोजना अधिकारी शाहपुर को पत्र लिखकर बच्चों के छात्रावास के प्रवेश द्वार से तीन फीट ऊंची कंक्रीट सड़क बनाने की मांग की है।

# उल्हासनगर शहर में ऑनलाइन लॉटरी के धंधे शुरू

## वकील की शिकायत के बाद विट्ठलवाड़ी पुलिस ने की कार्रवाई

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर शहर में ऑनलाइन लॉटरी के धंधे बेधड़क शुरू है। उल्हासनगर शहर में 10 स्थानों पर ऑनलाइन लॉटरी के अवैध धंधे संचालित हो रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में विट्ठलवाड़ी पुलिस ने उल्हासनगर कैंप नंबर 4 के मेनबाजार में स्थित ऑनलाइन लॉटरी की दुकान पर कार्रवाई की और दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया और लॉटरी के लिए इस्तेमाल की गई सामग्री और कुछ पैसे जब्त किए।

### उल्हासनगर 4 में गैरकानूनी अवैध लॉटरी

उल्हासनगर 4 में मार्केट सेक्शन 30 राधेश्याम पंसारी के पास में एक दुकान के अंदर गैरकानूनी अवैध लॉटरी राज्यश्री के नाम पर चलाई जा रही थी। इसकी शिकायत एडवोकेट राहुल शेषनाथ चतुर्वेदी ने विट्ठलवाड़ी में की और फोन से पुलिस को सूचित किया लेकिन पुलिस टालमटोल करती रही जिससे केस दर्ज न हो। लेकिन एडवोकेट राहुल चतुर्वेदी की शिकायत पर मजबूरन पुलिस को लॉटरी चलने वाले सागर सुरेश लाल आहूजा के खिलाफ मामला दर्ज करना पड़ा। सुरेश लाल ने कहा कि यह काम राजू पटेल करवा रहा है। पूरे ठाणे जिले में यह अवैध लॉटरी का कारोबार महीनों से चल रहा है और यह लॉटरी माफिया किसी प्रकार की जीएसटी भी नहीं भरते हैं जिससे महाराष्ट्र सरकार को रोजाना करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है।



### पहले भी हो चुकी है कार्रवाई

बता दें कि दिसंबर 2023 में पुलिस ने अवैध लॉटरी का कारोबार करने वाले लोगों के ऊपर छापा मार कर ऑनलाइन लॉटरी को बंद कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने ललित पटेल और संदीप गायकवाड के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इन लोगों के खिलाफ तीन-तीन मामला दर्ज किया गया था। काफी समय तक यह लोग फरार थे और उसके बाद किसी तरह जमानत ले ली। अब फिर इन लोगों ने अवैध लॉटरी का कारोबार डोंबिवली, कल्याण, कोलसेवाडी ,अंबरनाथ, बदलापुर, और उल्हासनगर शहर में विभिन्न ठिकानों में अवैध लाटरी ऑनलाइन का कारोबार फिर से शुरू कर दिया। ऑनलाइन लॉटरी माफिया ने लॉटरी का अपना निजी सॉफ्टवेयर बनाकर रखा हुआ है और वह उस सॉफ्टवेयर का उपयोग करके जनता से लॉटरी के नाम पर करोड़ों रुपए लूट रहे हैं।

## ठाणे मनपा की अनूठी पहल

# 'इको-फ्रेंडली गणेशोत्सव प्रदर्शनी' 27 जुलाई से 4 अगस्त तक

दोपहर संवाददाता । ठाणे

राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से इको-फ्रेंडली गणेशोत्सव मनाने के निर्देश दिए हैं। इस पृष्ठभूमि में, ठाणे नगर निगम ने पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव 2024 की पहल की है। इस पहल के तहत पर्यावरण के पूरक तत्वों से बनी गणेश मूर्तियों, मखर और अन्य सजावटी सामग्रियों की प्रदर्शनी और बिक्री 27 जुलाई से 4 अगस्त 2024 तक ठाणे मनपा के स्कूल नंबर 19 विष्णुनगर, में आयोजित की जाएंगी।इस पहल का उद्घाटन ठाणे नगर निगम आयुक्त सौरभ राव के संरक्षण और ठाणे शहर के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया जाएगा।

### पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां



उल्लेखनीय है कि प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं, इस दृष्टि से ठाणे नगर निगम विभाग द्वारा पर्यावरण को संरक्षित एवं संरक्षित करने के लिए लगातार विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जाती हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य गणेश भक्तों को गणेश मूर्तियों और अन्य सामग्रियों के विभिन्न विकल्प प्रदान करना है। इसके एक हिस्से के रूप में, ठाणे नगर क्षेत्र में गणेश मूर्ति निर्माताओं को शाडू मिट्टी उपलब्ध कराई गई है। साथ ही मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान के अनुसार प्रत्येक वार्ड समिति में नि:शुल्क सीटें दी गयी हैं । इस पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव 2024 गतिविधि में, महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों से कुशल मूर्तिकारों द्वारा शादु माटी, लाल माटी, गोमय, कार्डबोर्ड के साथ-साथ कागज की लुगदी और पर्यावरण-अनुकूल रंगों आदि से आकर्षक गणेश मूर्तियां बनाई गई हैं।

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** | अपना सर्वश्रेष्ठ करने से हम सफलता के करीब पहुंचेंगे : रोजालिंड फ्रैंकलिन

## मुंबईकरों के लिए गुड न्यूज

# पॉड टैक्सी सेवा में तेजी, MMRDA के प्रोजेक्ट पर केंद्र का जोर

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबईकरों के लिए गुड न्यूज है। पॉड टैक्सी का इंतजार कर रहे मुंबईकरों को केंद्र सरकार ने बजट में बड़ी खुशखबरी दी है। मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स तक अत्याधुनिक परिवहन परियोजना 'पॉड टैक्सी' को केंद्र सरकार का समर्थन मिलेगा। केंद्रीय बजट में बड़े शहरों का परिवहन आधारित विकास करने की घोषणा की गई है। इसका फायदा इस प्रोजेक्ट को मिलेगा। बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स यानी बीकेसी के कर्मचारियों की सेवा के साथ-साथ मुंबई शहर में अंतरराष्ट्रीय सेवाओं और सुविधाओं के निर्माण के लिए स्वचालित रैपिड सार्वजनिक परिवहन प्रणाली के तहत बांद्रा रेलवे स्टेशन और कुर्ला रेलवे स्टेशन के बीच 'पॉड टैक्सी' सेवा शुरू की जाएगी। इस पर 1,016.38 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह खर्च भी एमएमआरडीए की ओर से समीक्षाधीन है। लेकिन जहां एमएमआरडीए वित्तीय संकट से जूझ रही है, वहीं अब इस प्रोजेक्ट को केंद्र से ताकत मिलने की सकारात्मक तस्वीर सामने आ रही है। देश के 30 लाख से अधिक आबादी वाले 14 शहरों का परिवहन आधारित विकास किया जाएगा। वित्त मंत्री ने केंद्रीय बजट में घोषणा की कि वित्तीय नीति की योजना बनाई जाएगी और उसे क्रियान्वित किया जाएगा। मुंबई 30 लाख से अधिक लोगों का शहर है। इसलिए इस घोषणा का सीधा फायदा एमएमआरडीए को होगा, जो मुंबई में परिवहन परियोजनाओं का नेटवर्क बना रही है। इसके तहत प्राथमिकता वाली 'पॉड टैक्सी' परियोजना को केंद्र सरकार से वित्तीय सहायता मिलने की उम्मीद जगी है।

# वारंट जारी होने के बाद जरांगे ने स्थगित किया अनशन

## शिंदे सरकार को दी 13 अगस्त तक की डेडलाइन

**दोपहर संवाददाता | मुंबई/जालना**



मराठा आरक्षण एक्टिविस्ट मनोज जरांगे की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पुणे की एक अदालत ने मंगलवार को 2013 के धोखाधड़ी के एक मामले में जरांगे के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया। इसके बाद उन्होंने आरक्षण के मुद्दे पर अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल स्थगित कर दी है। जरांगे 20 जुलाई से भूख हड़ताल पर थे। इससे पहले 31 मई को उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी होने के बाद वह अदालत में पेश हुए थे। इसके बाद अदालत ने गैर-जमानती वारंट रद्द कर दिया, लेकिन उन पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया। जरांगे के वकील हर्षद निंबालकर ने कहा कि वह उन्हें अदालत में पेश करेंगे और गैर-जमानती वारंट रद्द करवाएंगे।

### फडणवीस पर जरांगे ने लगाया आरोप

जरांगे ने भारतीय जनता पार्टी (BJP) के एमएलसी प्रवीण दारकेकर और महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल की आलोचना की और आरोप लगाया कि वे मराठा समुदाय के लिए आरक्षण के खिलाफ हैं। उन्होंने मराठा समुदाय के लोगों से आगामी चुनावों में बीजेपी को हराने की अपील भी की। साथ ही जरांगे ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर उन्हें झूठे मामले में फंसाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। जरांगे ने सात से 13 अगस्त के बीच कई जिलों में मराठा समुदाय की बैठकें आयोजित करने की घोषणा की।

### 'लोग मुझे जिंदा देखना चाहते हैं'

मराठा आरक्षण की मांग को लेकर लंबे समय से लड़ रहे जरांगे और दो अन्य पर 2013 में भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 406 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत मामला दर्ज किया गया था। जरांगे ने आज से अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल स्थगित कर दी है। वे पिछले पांच दिनों से भूख हड़ताल पर थे। महाराष्ट्र के जालना जिले में अपने पैतृक गांव अंतरवाली सारती में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने अपने फैसले की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनके समुदाय के लोगों का कहना है कि वह उन्हें जिंदा देखना चाहते हैं। जरांगे ने कहा, 'समुदाय की ओर से जबरदस्त दबाव है। अगर मैं मर जाता हूं, तो इससे समुदाय के भीतर विभाजन पैदा होगा। इसलिए मैंने अपनी भूख हड़ताल स्थगित करने का फैसला किया है।'

## पूजा खेडकर केस

# YCM अस्पताल की अब होगी जांच

### YCM अस्पताल में बना फर्जी विकलांगता सर्टिफिकेट

**दोपहर संवाददाता | मुंबई/पुणे**

इस समय विवादों में घिरी IAS पूजा खेडकर की मुश्किलें खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। पूजा और उनके परिवार वालों के साथ-साथ अब इस मामले से जुड़े बाकी लोगों पर भी इसकी गाज गिरना शुरू हो गई है। पूजा ने फर्जी दिव्यांगता सर्टिफिकेट जमा किया था, जिसे लेकर पुणे के कलेक्टर ने जांच करने का आदेश दिया है। अपने लिए वीआईपी ट्रीटमेंट मांगकर खुद विवादों में घिरी पूजा की मुश्किलें अब और भी बढ़ती दिख रही हैं। पुणे के कलेक्टर ने पूजा के फर्जी दिव्यांगता सर्टिफिकेट के जांच का आदेश दिया है। ये जांच दिव्यांगता सर्टिफिकेट देने वाले डॉक्टर और उनके सहायकों के खिलाफ होगी साथ ही इसमें सीधे तौर पर YCM अस्पताल का इन्वोलमेंट है या नहीं उसकी भी जांच की जाएगी। YCM अस्पताल ने ही पूजा खेडकर को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया था, जिसमें बताया गया है कि पूजा के बाएं घुटने में स्थायी रूप से 7% विकलांग है।




### डॉक्टरों के साथ अस्पताल की भी जांच

पूजा ने इस प्रमाण पत्र के आधार पर केंद्रीय विकलांगता विभाग से विकलांगता प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है, इसलिए इस मामले की जांच जरूरी हो गई है कि क्या वह दिव्यांग कल्याण आयुक्तालय के जरिए वाईसीएम के फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी सेवा में शामिल हुई? ऐसे में इस सर्टिफिकेट के लिए क्या किसी तरह के गैर कानूनी तरीके से लेन देन हुआ रिश्वत ली गई या दी गई? उसकी भी जांच होगी। सूत्रों की मानें तो जांच में दोषी पाए जाने पर विकलांगता प्रमाणपत्र जारी करने वाले डॉक्टर के साथ-साथ मदद करने वाले हर व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जायेगा। फिलहाल YCM अस्पताल ने इस मामले पर बात करने से इनकार किया है।

### परिवार को किया सलाखों के पीछे

पूजा को फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र देने वाले डॉक्टरों और सहायकों पर जांच के आदेश जारी हो गए हैं, इसकी कॉपी TV9 भारतवर्ष के पास है। पूजा को महाराष्ट्र कैडर से रिमूव कर मसूरी ट्रेनिंग अकादमी में ज्वाइन करने के लिए कहा गया, जिसके बाद पूजा ने वाशिम के अतिरिक्त कलेक्टर का प्रभार छोड़ वाशिम जिले से निकल गई लेकिन मसूरी नहीं पहुंची, वह वाशिम से अहमदनगर और पुणे के बीच जाने वाले हाईवे से गायब हो गई, फिलहाल पूजा की तलाश पुलिस कर रही है। पूजा के लापता होने के साथ पूजा की मां मनोरमा खेडकर 14 दिनों की जुडिशल कस्टडी में है तो वही पिता दिलीप खेड़कर के पास कल यानी 25 जुलाई तक की अग्रिम जमानत पर हैं। फर्जी दिव्यांगता सर्टिफिकेट के साथ ही पुलिस पूजा के माता-पिता के तलाक होने वाली बात की भी जांच करेगी।

# महाराष्ट्र विधान परिषद की शताब्दी काल पर लिखी पुस्तक का राष्ट्रपति करेंगी विमोचन

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



महाराष्ट्र विधान परिषद की शताब्दी काल पर लिखी गई ₹उच्च सदन की आवश्यकता एवं महत्व₹ नामक पुस्तक का विमोचन 29 जुलाई को द्रौपदी मुर्मू करेंगी। यह जानकारी विधानसभा के अध्यक्ष एडवोकेट राहुल नार्वेकर और विधान परिषद उपसभापति डॉ। नीलम गोरे ने बुधवार को विधान भवन में एक पत्रकार वार्ता में दी।

### कार्यक्रम में दिग्गज रहेंगे उपस्थित

नार्वेकर ने बताया कि यह कार्यक्रम विधान भवन के सेंट्रल हॉल में अपरान्ह 3.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, उपाध्यक्ष नरहरि जिरवल, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस, अजित पवार, दोनों सदनों के नेता प्रतिपक्ष अम्बादास दानवे तथा विजय वडेट्टीवार, संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत दादा पाटिल उपस्थित रहेंगे।

### विधान परिषद के शताब्दी काल के महत्वपूर्ण संदर्भ को पुस्तक के रुप में प्रतिबिंबित करने का प्रयास

राहुल नार्वेकर ने बताया कि वर्ष 1921 से 2021 तक महाराष्ट्र विधान परिषद के शताब्दी काल के महत्वपूर्ण संदर्भ को पुस्तक के रुप में प्रतिबिंबित करने का प्रयास किया गया है। इन पुस्तकों में उच्च सदन की आवश्यकता एवं महत्व, विधान परिषद द्वारा पारित महत्वपूर्ण विधेयक, संकल्प और नीतियां, विधान परिषद में विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा, एक सौ साल, एक सौ भाषण शामिल हैं। इनमें से पहली पुस्तक का विमोचन 29 जुलाई को किया जाएगा, जबकि तीन अन्य किताबों पर अभी काम चल रहा है। इस पुस्तक संकलन समिति में वरिष्ठ पत्रकार विलास मुकादम, योगेश त्रिवेदी, दिनेश गुणे, संजय जोग, उदय तनपाठक, किशोर आप्टे और शीतल करदेकर को सदस्य नियुक्त किया गया है। 29 जुलाई को प्रकाशित पुस्तक का संकलन एवं संपादन वरिष्ठ पत्रकार किशोर आप्टे एवं शीतल कार्देकर ने किया गया है।

# शिवडी विधानसभा क्षेत्र में रक्तदान शिविर, 875 यूनिट रक्त जमा



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

शिवसेना पार्टी (उबाठा) उद्धव बालासाहेब ठाकरे के जन्मदिन के अवसर पर शिवडी विधानसभा के कार्यसम्राट विधायक अजय चौधरी द्वारा महा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया था। इस दौरान कुल 875 यूनिट रक्त जमा हुआ। इस अवसर पर डॉ. वाझा, पूर्व नगरसेवक अनिल कोकील, दत्ता पोंगडे, दिव्या घाडीगांवकर, गजानन चव्हाण, कांचन घाणेकर, सुप्रीत म्हात्रे समीक्षा परळकर और उपशाखा प्रमुख व कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर शिविर में लोगों का उत्साह बढ़ाने के लिए प्रमुख अतिथि के रूप में क्षेत्र के सांसद अरविंद सावंत भी आए थे। शिविर में वार्ड क्रमांक 204 के शिवसैनिक, बेस्ट के कर्मचारी सुनील घाडीगांवकर ने 109 बार रक्तदान कर एक अलग कीर्तिमान स्थापित किया है। नियमित रक्तदान करने से हम और समाज स्वस्थ रहता है। यह संदेश घाडीगांवकर ने सभी रक्तदाताओं और शिविर भाग लेने वाले नागरिकों को दिया। शिवसेना शाखा क्रमांक 204 की ओर से उन्हें फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।

**109 बार रक्तदान करने का कीर्तिमान**


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**मनोहर वामन देसाई मुंबई, जनरल, अस्पताल, मलाड(ई) मुंबई-400097**

नं.एचओ/1650/एमडब्लू डीएच तारीख 23/07/2024

### ई-निविदा सूचना

नीचे दिए गए कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा मुख्य चिकित्सा अधिकारी एम.डब्लू. देसाई अस्पताल द्वारा बीएमसी के आयुक्त की ओर से आमंत्रित की जाती है।

| अ.क्र. | बोली क्र. | कार्य का नाम | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 2024_एमसीजीएम_1056920_1 | एम.डब्ल्यू.देसाई अस्पताल में छत क्षेत्र के साथ ओवरहेड स्टोरेज टैंक के लिए हल्के स्टील ढांचे का निर्माण और सुदृढ़ीकरण | 01 जॉब |

बोली शुरूः 25/07/2024 को सुबह 10.00 बजे बोली समाप्तिः 31/07/2024 को शाम 04.00 बजे

टेली.नं.02228770007 विस्ता.क्रः- 21

दूरभाष संख्या 022-23027769

पूर्ण ई-निविदा दस्तावेज ई-निविदा पोर्टल http://portal.www.mcgm.gov.in पर उपलब्ध हैं। ई-निविदा दस्तावेजों के अनुसार ई-निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी चाहिए।

हस्ता/-
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
एम.डब्लू. देसाई अस्पताल, मलाड(ई).

पीआरओ/653/विज्ञा./2024-25

समय पर निदान, बचाएं प्राण


# उपनगरों में वर्षा जल के नालों पर लगाए गए कवर की गुणवत्ता में सुधार की मांग

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



जीवन प्रबोधिनी ट्रस्ट के संस्थापक सत्यवान नर ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त भूषण गगरानी को पत्र लिखकर पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में वर्षा जल के नालों पर लगाए गए कवर की गुणवत्ता में सुधार करने की मांग की है। कुछ साल पहले, मुंबई मनपा ने मुंबई के पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में वर्षा जल के नालों को ढकने का रणनीतिक निर्णय लिया और उसके अनुसार इसे लागू किया। ऐसे वर्षा जल के नालों से गाद/कचरा हटाने के लिए नियमित अंतराल पर कवर लगाए गए। ये कवर बहुत खराब गुणवत्ता के हैं। शुरुआत में सीमेंट कंक्रीट के कवर लगाए गए थे। हालांकि, लोहे की सरियों की बहुत कम संख्या और सीमेंट और रेत के अनुचित अनुपात के कारण, ये कवर सचमुच कुछ ही दिनों में टूट जाते थे। इसके कारण कई बार नागरिक, खासकर छोटे बच्चे, वर्षा जल के नालों में गिरकर घायल हो गए हैं। फिर फाइबर से बने कवर लगाए गए। लेकिन उनकी गुणवत्ता भी बहुत खराब होने के कारण उद्देश्य पूरा होता नहीं दिखता। वर्षा जल चैनलों की चौड़ाई और कवर की लंबाई और चौड़ाई का इंजीनियरिंग के नजरिए से ठीक से अध्ययन नहीं किया गया लगता है। ढके हुए वर्षा जल चैनलों को फुटपाथ का रूप दिया गया है। जाहिर है कि नागरिक यातायात वाले कवर उनकी लंबाई के बीच में उखड़ सकते हैं। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि इस दृष्टिकोण से विचार किया जाना चाहिए।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**वृक्ष प्राधिकरण**
:-
**- सार्वजनिक सूचना-**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्षों का संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम 1975 (24 जनवरी 2021 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (क) के अंतर्गत प्रावधान के अनुपालन में परिमंडल-7 के अंदर आर/मध्य विभाग से 01 यानी कुल 01 प्रस्तावों को धारा 8 (6) के तहत मनपा आयुक्त/अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी)/ की मंजूरी प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत पेड़ों की कटाई/पुर्नरोपित करने के बारे में विस्तृत जानकारी मनपा के www.mcgm.gov.in वेबसाइट पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका के बारे में विभाग और वार्ड की नियमावली संबंधित सूचना पुस्तिका-गार्डन और वृक्ष प्राधिकरण कागजात इस लिंक पपर उपलब्ध है। WS214-R/Central.

**उद्यान अधीक्षक**
**एवं वृक्ष प्राधिकरण अधिकारी**
वृक्ष अधिकारी का कार्यालय,
पेग्विन इमारत, 2री मंजिल
वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान,डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर रोड,
**भायखला (पूर्व), मुंबई-400027.**

टेली नं -23742162
ईमेल- sg.gardens@mcgm.gov.in

हस्ता.
**उद्यान अधीक्षक**
**एवं वृक्ष प्राधिकरण**

पीआरओ/659/विज्ञा./2024-25

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।



## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### ई-निविदा सूचना

| | | |
|---|---|---|
| विभाग | :- | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन |
| सेक्शन | :- | मुख्य. अभि.(एसडब्लूएम) योजना |
| निविदा आईडी सं : | | 2024 एमसीजीएम _1058186_1 |
| विषय | :- | शहर, पूर्वी और पश्चिमी उपनगरीय संभाग वार्डों के लिए विभिन्न विसर्जन स्थलों पर गणेश महोत्सव-2024 के दौरान उत्पन्न निर्माल्य के संग्रह के लिए एफआरपी निर्माल्य कलश की मरम्मत और पेंटिंग। |
| बोली प्रारंभ दिनांक और समय : | :- | 25/07/2024 को सुबह 11.00 बजे |
| बोली समाप्ति तिथि और समय : | | 31/07/2024 को शाम 04.00 बजे तक |
| वेबसाइट | :- | https://mahatenders.gov.in and https://portal.mcgm.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | | |
| अ) नाम : | :- | श्री,जयदीप मोरे ईई(एस डब्लूएम)योजना |
| ब) टेलीफोनः | :- | 022-23844450 |
| सी) मोबाइल नंः | :- | 9969666505 |
| डी) ईमेल एड्रेसः | :- | ee 1swm.pl@mcgm.gov.in |

हस्ता.
कार्य.अभि.(एसडब्लूएम)योजना

पीआरओ/666/विज्ञा./2024-25

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

संपादकीय

# रोजगारोन्मुखी बजट

मोदी सरकार की तीसरी पारी के पहले आम बजट में रोजगार के लक्ष्यों को प्राथमिकता दी गई है। दरअसल, हाल ही के लोकसभा चुनावों में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन के मूल में रोजगार संकट बड़ी वजह बताया गया। तभी तीसरी पारी के बजट का मूलमंत्र रोजगार सृजन रहा। कहीं न कहीं युवा मतदाताओं को संतुष्ट करने हेतु बजट में नौकरियों व कौशल विकास को प्राथमिकता दी गई है। इसी क्रम में विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन हेतु योजना लाई गई। महत्वपूर्ण बात यह कि अगले पांच सालों में करीब एक करोड़ युवाओं के कौशल विकास हेतु शीर्ष पांच सौ कंपनियों में इंटर्नशिप के मौके मुहैया कराने की घोषणा की गई। वहीं दूसरी ओर औपचारिक क्षेत्र के कार्यबल का हिस्सा बनने पर युवाओं को एकमुश्त राशि का योगदान भविष्य निधि में किया जाएगा। मोदी सरकार की तीसरी पारी में रोजगार को प्राथमिकता का पता इस बात से चलता है कि पांच योजनाओं के जरिये रोजगार व कौशल विकास के लक्ष्यों को हासिल करने के लिये दो लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। निस्संदेह, कौशल विकास को प्राथमिकता की योजना एक सार्थक कदम है, लेकिन यह सरकार की प्रतिबद्धता व उद्योगों के सहयोग पर निर्भर करेगा। नई नौकरियों की सृजन क्षमता रखने वाले सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यमों पर बजट में विशेष ध्यान दिया गया। यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत की सोच के साथ ही वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और नई नौकरियां पैदा करने में सक्षम होगा। कहीं न कहीं अपने मूल मध्यमवर्गीय वोट बैंक के दृष्टिगत वेतनभोगी कर्मियों को कर में राहत व सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन में मानक आयकर कटौती की सीमा घटाकर संबल दिया गया। इस कदम से चार करोड़ कर्मियों व पेंशनभोगियों का फायदा होने की बात कही जा रही है। वहीं गठबंधन धर्म का पालन करते हुए बिहार व आंध्रप्रदेश के सत्तारूढ़ दलों की आकांक्षा के अनुरूप विशेष वित्तीय पैकेजों की घोषणा अपरिहार्य थी। बहरहाल, राजग सरकार ने कृषि क्षेत्र के विकास लिये नया रोडमैप इस बजट के माध्यम से देश के सामने रखा है। सरकार की दूसरी पारी में लंबे चले किसान आंदोलन के सबक और नये आंदोलन की सुगबुगाहट के बीच में केंद्र ने किसान व कृषि को अपनी प्राथमिकताओं में रखा है। बजट के जरिये किसानों की आय में स्थिरता, उत्पादकता व आर्थिक विकास के लक्ष्य को हासिल करने पर बल दिया है। खासकर जलवायु परिवर्तन के संकट से जूझती खेती को कवच प्रदान करने की कोशिश है। दो साल के भीतर एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिये तैयार करने की योजना है। करीब दस हजार जैव निवेश संसाधन केंद्रों के जरिये प्राकृतिक खेती के लक्ष्यों को पाया जाएगा। हाल के दिनों में प्रतिकूल मौसम व भंडारण केंद्रों के अभाव में उपभोक्ताओं को महंगाई व किसान को नुकसान का सामना करना पड़ा है। इस मकसद से सब्जी उत्पादन बढ़ाने और आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित करने हेतु बजट में किसान उत्पादक संगठनों,सहकारी समितियों और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। ये संस्थाएं सब्जियों के संग्रहण, भंडारण और विपणन में सार्थक भूमिका निभाते हुए किसानों को बेहतर दाम दिलाने का प्रयास करेंगी। साथ ही फसलों को होने वाला नुकसान कम किया जाएगा। इसके अलावा उन फसलों व बागवानी की किस्मों को बढ़ावा देने का संकल्प है जो जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव को निष्प्रभावी बनाकर स्थिर कृषि उत्पादन सुनिश्चित कर सकें। साथ ही तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के मकसद से सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन व सूरजमुखी की खेती को बढ़ावा देने के उपाय बजट में प्रस्तुत किए गए हैं। जिससे तिलहन उत्पादक किसानों की आय बढ़े तथा आयातित खाद्य तेलों पर देश की निर्भरता को कम किया जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिये किसानों की भूमि, ऋण व वित्तीय सेवाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाने का प्रयास होगा। इसके बावजूद सरकार को इन योजनाओं के क्रियान्वयन की बाधाओं को प्राथमिकताओं के आधार पर दूर करना होगा। बहरहाल, इस बजट से एक बात तो तय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकताओं में बदलाव आया है। वहीं पूंजीगत व्यय में वृद्धि और राजकोषीय घाटा कम करने का प्रयास सराहनीय है।

शख्सियत | सोमनाथ चटर्जी

## मार्क्सवादी से जुड़े कद्दावर नेता



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) से जुड़े सोमनाथ चटर्जी ने UPA-I शासन के दौरान 2004 से 2009 तक लोकसभा अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। पेशे से वकील, वह 1968 में सक्रिय रूप से राजनीति में शामिल हो गए। वह 1971 में लोकसभा के सदस्य बने और पहली बार सीपीआई (एम) द्वारा समर्थित एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुने गए।

सोमनाथ चटर्जी का जन्म 25 जुलाई 1929 असम के तेजपुर में हुआ था। उनके पिता, निर्मल चंद्र चटर्जी भारत की आज़ादी की लड़ाई के दौरान एक प्रसिद्ध वकील थे। उनकी मां बीनापानी देवी एक गृहिणी थीं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मित्रा इंस्टीट्यूशन स्कूल में प्राप्त की। बाद में वे प्रेसीडेंसी कॉलेज और फिर कलकत्ता विश्वविद्यालय गये। उन्होंने 1952 में बी.ए. और 1957 में एम.ए. की पढ़ाई की। दोनों डिग्री जीसस कॉलेज, कैम्ब्रिज से कानून में हासिल कीं। सोमनाथ को लंदन में मिडिल टेम्पल यूनिवर्सिटी द्वारा एक वकील के रूप में योग्यता प्राप्त हुई थी। हाल ही में 2007 में उन्हें कॉलेज द्वारा मानद फेलोशिप से सम्मानित किया गया।

सोमनाथ चटर्जी ने एक वकील के रूप में अपना करियर कलकत्ता उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस करके शुरू किया। इसके बाद वह भारत के पश्चिम बंगाल राज्य के राजनेता बन गए। वह 1968 से 2008 तक सीपीआई (एम) के सक्रिय सदस्य थे। हालांकि, पार्टी की नैतिकता से समझौता करने के कारण उन्हें 2008 में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। उनके पिता की मृत्यु के बाद उन्हें बोलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए नामांकित किया गया था। वह इस निर्वाचन क्षेत्र से दसवीं बार चुने गए और 2008 में लोकसभा के 14वें अध्यक्ष बने। सोमनाथ केवल एक बार चुनाव हारे थे और वह वर्ष 1984 में जादवपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से ममता बनर्जी के खिलाफ थे। पार्टी से निकाले जाने के तुरंत बाद उनका निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित कर दिया गया। 13 अगस्त 2018 को उनका निधन हो गया।

# शिक्षा से ही टूटेगा डेरों और बाबाओं का तिलिस्म



गुरबचन जगत

वर्ष 1971 में मैंने पुलिस सेवा ज्वाइन ही की थी जब बतौर एसएसपी कपूरथला मेरी नियुक्ति हुई। सप्ताह के आखिर में अपने गांव आया, सोचा था सुबह देर से उठूंगा और दिनभर आराम करूंगा। लेकिन मुझे सूर्य उदय से पहले उठना पड़ा जब परिवार के पुराने नौकर ने सूचित किया कि पड़ोस के गांव से जीतू जट्ट नाम का व्यक्ति मुझसे मिलना चाहता है। मुझे याद आया कि जीतू तो वही है जो एक छोटा-मोटा भविष्यवक्ता है और अपने तीर-तुक्कों से लोगों के खोए पशु पाने में मदद किया करता है। लेकिन उस वक्त वह खुद पूरी तरह शर्मिंदा था जब बताया कि उसकी हवेली से उसके अपने बैल चोरी हो गए हैं! मैंने उसे पुलिस में रिपोर्ट लिखवाने को कहा, पर उसने झिझकते हुए कहा कि यह करना उसके धंधे के लिए बुरा सिद्ध होगा क्योंकि लोग कहेंगे खुद पर पड़ी तो पुलिस की मदद लेने चला गया। खैर, उसके पशु मिल गए और उसकी 'साख' सलामत रही। आमतौर पर माना जाता है कि इस किस्म की गतिविधियां गरीब और अनपढ़ों तक सीमित होती हैं- तो यहां मुझे आपकी गलतफहमी दूर करने दें। यह बात मैं पुलिस सेवा में बहुत साल बिताने और काफी अनुभव पाने के आधार पर कह रहा हूं। यह कहानी है हमारे पूरे देश की और कैसे बहुत से भविष्य बताने वाले, शामन, बाबा और छोटे-मोटे शातिर इतने बड़े हो गए कि सत्ता का तानाबाना तक उनके हाथ में आ गया। इस सदी के शुरू में मैं दिल्ली में एक महत्वपूर्ण सुरक्षा बल के मुखिया के तौर पर नियुक्त था। कुछ दिनों बाद एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी मुझे मिलने आए और एक तरह से मुझे आदेश दिया कि मैं उनके साथ जाने-माने बाबा के यहां चलूं। मैंने उन्हें बताया कि मैं उस 'भले मानुस' को 'अच्छी तरह' जानता हूं लिहाजा उसके पास नहीं जाऊंगा। मैंने उसका सफर तहसील स्तर से जिला स्तरीय और फिर राजधानी में राज्यस्तरीय होते देखा था, जहां उसकी छवि एक छोटे-मोटे कथित ज्योतिषी की थी, जो भोले-भाले लोगों को अपनी बातों से झूठी तसल्ली परोसता हो (अधिकांश स्थानीय लोग उसकी असलियत से वाकिफ थे और उसका ठेठ पंजाबी में एक हास्यपूर्ण सा उपनाम भी प्रचलित था)। फिर वह दिल्ली चला आया जो कि उसका मास्टर स्ट्रोक सिद्ध हुआ क्योंकि यहां आकर उसने नए रंग-ढंग के दबंग और चमत्कारी बाबा वाले अवतार में खूब चांदी काटी। मेरे पूर्व वरिष्ठ अधिकारी मेरे इंकार से कुछ मायूस हुए, फिर भी उन्होंने मुझे यह कहकर मनाने की कोशिश की कि खुद उसने मुझे साथ लाने को कहा है। परंतु मैं अपनी बात पर अड़ा रहा। किंतु इससे पहले मैं जल्दी से आपको इन बाबाओं के सत्संग के अपने निजी अनुभव बताना चाहूंगा (हमारी एजेंसियां इन सबकी खबरें लगातार देती रहती थीं)। ऐसे एक बाबा के यहां वीआईपी लोगों का तांता लगा रहता जिसमें भारत सरकार के सचिव स्तर के अधिकारी और उनकी पत्नियों, केंद्रीय मंत्रियों से लेकर अन्य उच्च पदेन लोग हाजिरी भरते। वे वहां क्या करते रहते थे? कुछ महिलाएं जो वैसे तो अपनी हैसियत की वजह से नकचढ़ी रहती थीं, लेकिन डेरे में बाबा के पैर दबाती, कुछ तो उसके सिर पर चम्पी इत्यादि किया करती थीं। जो वहां देखा वो ऐसा कि उस पर यकीन करने को आंखें मलनी और खुद को चिकोटी काटनी पड़े। यह तथाकथित दैवीय पुरुष राष्ट्रीय स्तर की नीतियों– आर्थिक और राजनीतिक- तक को प्रभावित करने का दम रखते हैं। कुछेक ऐसे दैवीय पुरुष भी थे जो दिल्ली के मालिकों से कहीं ऊंचे दायरों में विचरा करते और हीरे की अंगूठियों से अटी उनकी अंगुलियां बहुत से चमत्कार दिखातीं कुछ नाम लेकर बताऊं, तो दिमाग में धीरेंद्र ब्रह्मचारी, महेश योगी और चंद्रास्वामी कौंध रहे हैं। चलिए फिर से वर्तमान में लौटते हैं, परिदृश्य में जिधर देखो कोई न कोई डेरा और भांति-भांति के रंगों और स्वरूप वाले बाबा नजर आते हैं। कुछ गांव के स्तर के साधारण बाबा हैं, कुछ शहर स्तर के और कुछ राज्यस्तरीय, कुछ आंचलिक स्तर के तो कुछ राष्ट्रीय स्तर वाले। इनमें अधिकांश की शख्सियत में कुछ अंश चमत्कारी पुरुष का, कुछ राजनेता वाला, कुछ व्यापारी, कुछ अकूत जमीन जायदाद का स्वामी और इन सबसे ऊपर है, बातों से प्रभावित करने की कला।

गरीब लोग उनके पास अपनी रोजमर्रा की छोटी-मोटी समस्याओं का चमत्कारी निवारण पाने की चाह लिए जाते हैं, अमीर और अमीर होने को, राजनेता वोट हासिल करने और इसके बूते सत्ता हथियाने की गर्ज से। मेरा यकीन कीजिए, जितना बड़ा डेरा होगा उतना बड़ा उसका वोट बैंक होगा और उतनी ही बड़ी संख्या होगी चुनाव के वक्त दंडवत करने वाले नेताओं की। कृपया यह न सोंचे कि मैं यह सब बढ़ा-चढ़ाकर लिख रहा हूं। राज्य सरकार का खुफिया विभाग इन डेरों का आकलन करता है, उनके भक्तों की संख्या और वित्तीय संपत्ति का अनुमान लगाता है। यह सूचना उन्हें डोरे डालने अथवा ब्लैकमेल करने के काम आती है। उनको मुहैया सुरक्षा के ब्योरे के मुताबिक बाबा की हैसियत ऊंची या कम आंकी जाती है। अब तो वे एक कदम आगे जाकर खुद चुनाव लड़ने लगे हैं—क्या राजनेता इसे अपने लिए खतरे की घंटी मानेंगे? क्या आपको वह 'डिस्को बाबा' याद आया और कैसा तांडव उसने हरियाणा में मचाया था? जब जी करता है कभी जेल में तो कभी पैरोल पर अपने आश्रम में होता है। बहुत से बाबा बलात्कार और हत्या के अभियोग में जेल काट रहे हैं, लेकिन कारागर भी उनके लिए आश्रम ही है। कहीं पाठक यह न समझे बैठें यह सब केवल भारत में होता है, तो यहां मुझे बताने दीजिए कि विश्व इतिहास में ऐसे कई मामले हैं जहां तथाकथित दैवीय पुरुष अपने स्वार्थ-सिद्धि के लिए लोगों के अंधविश्वास, डर और गरीबी का दोहन करते आए हैं। उनके कई नाम हो सकते हैं शामन से लेकर मंगोल तक, काले जादू में माहिर से लेकर रेड इंडियन तक, इंग्लैंड के ड्रयुइड और प्राचीन यूनान के नजूमी भी, लेकिन समाज में जो खराबी उन्होंने रोपी, वह इतिहास में एक समान है। रूस में ज़ार पर रास्पुतिन नामक नजूमी की शैतानी छाया हावी रही। जब कोई रास्पुतिन या दैवीय पुरुष शीर्ष स्तर पर अपना प्रभाव बना ले तो बाकी देश में देखादेखी छोटे-मोटे प्रारूप कुकुरमुत्ते की भांति उग आते हैं। 20वीं सदी के शुरू में सिखों को अपने गुरुधाम महंतों के चंगुल से छुड़वाने के लिए एक पूरा आंदोलन चलाना पड़ा था। इन महंतों को ब्रिटिश सरकार की शह प्राप्त थी और उन्होंने ऐतिहासिक गुरुद्वारों के धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्वरूप को बदलकर, अपनी निजी जागीर में तबदील कर डाला था। इस तरह का बड़ा खेल आज भी जारी है—मायावी, कथित दैवीय पुरुष, राजनेता का गठजोड़ बनाम साधारण जनता। वैज्ञानिक सोच और सम स्वभाव रखने वालों की गिनती दयनीय रूप से अत्यंत कम हैं। इन बाबाओं की शैतानी यह कि अपने भक्तों को, विशेषकर गरीब आस्थावानों को, अज्ञानता और उम्मीद रूपी शिकंजे में फंसाए रखते हैं। हमारी अधिकांश समस्याओं, इस वाली समेत, का उपचार केवल शिक्षा है। शिक्षा दिमाग से सभी जाले हटा देती है और वैज्ञानिक सोच पैदा करती है। सबसे ऊपर, जिज्ञासा का तार्किक उत्तर पाने को यह हर चीज और हरेक प्रपंच पर सवाल करना सिखाती है, तभी तो बाबा चाहते हैं कि चेले उनके अंधभक्त बने रहें तो वहीं राजनेताओं की तरजीह है कि जनता अपने हकों से अंजान बनी रहे, ये दोनों जिज्ञासु सोच को बढ़ावा देना कतई नहीं चाहेंगे। निष्कर्ष में, मैं रबिन्द्रनाथ टैगोर के इस कथन और इसके कालजयी ज्ञान का आह्वान करना चाहूंगा 'जहां चित्त भयहीन है जहां ज्ञान मुक्त है आजादी के उस स्वर्ग में बैठे परमपिता मेरे देशवासियों को जागरूक बनाएं।'

सहज योग

# धर्म को जानना बहुत जरूरी



इस नश्वर देह के अंदर कितनी अनिश्वर चीज बह रही है, जैसे की गंगा,सरस्वती और यमुना तीनों का संगम होता है धाराप्रवाह। इसलिए जो मिटने वाला है, जो लौकिक है, उससे इस चीज को नहीं जान सकते।

आप अपने मार्ग को खोलते जाइए, अपने धर्म को अंदर जानिए। धर्म को जानना बहुत जरूरी है। कितनी सुंदर चीज है अंदर में देखिए। इस नश्वर देह के अंदर कितनी अनिश्वर चीज बह रही है, जैसे की गंगा, सरस्वती और यमुना तीनों का संगम होता है धाराप्रवाह। इसलिए जो मिटने वाला है, जो लौकिक है, उससे इस चीज को नहीं जान सकते। एक क्षण निर्विचारिता में जाकर के आप किसी भी चीज का निर्णय लें। आप ऐसे ऐसे डिसीजन निर्णय लेंगे कि बड़े-बड़े लोगों के बस का नहीं होगा। कुछ चिंता, भय और क्रोध सारे झड़ झुड़ करके वो तो अपनी शान में बोलेगा ना अंदर और उसकी अपनी नम्रता है, क्योंकि इतना मृदु है वो इतना मृदु है कि वो किस तरह अंदर चला आता है पता ही नहीं चलता, जैसे झर के चांदनी अंदर उतर आई हो, और जब आप चुने गए हैं, तो आप का महत्त्व बहुत ज्यादा है। अब आप सोचते हैं कि आप एक ऑर्डिनरी आदमी हैं। हम कैसे चुने गए, ऑर्डिनरी ही आदमियों में से चुने जाएंगे और ये जितने भी एक्स्ट्राऑर्डिनरी दुनिया में लोग दिखाई देते है जो बड़े-बड़े पदविभूषित हैं, ये सब मिसिंग लिंक हो जाएंगे। हमेशा ऐसा हुआ है। इवोल्यूशन के हर एक स्टेज में ऐसा ही हुआ है। आप अगर देखें तो, जो बहुत ऊंचे मैमथ हो और बड़े-बड़े जो बहुत फिजिकली डिवेलप हो गए खत्म हो चुके हैं। हाथी उसमें से बच गया, जो बीच में बचा था। इसी तरह से जो मेंटली बहुत डेवेलपड हुए उनमें से कह सकते हैं, आपकी कोहला जिसे कहते हैं फॉक्स वो मिसिंग लिंक में आया और उससे भी बढ़कर कुछ लोग हैं लेकिन उनमें से कुत्ता बच गया, कुत्ता बचा। इसी तरह मनुष्य में है जो साधारण में से ही उठेगा हमेशा उठते रहा साधारण में से ही और जो सो कोई असाधारण है श्री डायमेंशन में वो कुछ नहीं करने वाले वो मिसिंग लिंक हो जाएंगे इवोल्यूशन की स्टेज में लोग उनको जानेंगे जैसे चिंपांजी को लोग जानते हैं कि मिसिंग लिंक था। इवोल्यूशन में वही लोग जो साधारण में से ही चुने जाएंगे बहुत ही नॉर्मल होना चाहिए। जो बड़े-बड़े दंडे संन्यासी बनकर घूम रहे हैं ये कहीं भी नहीं पहुंचने वाले आप देख लीजिएगा सब मिसिंग लिंक मैं जाने वाले और जो बड़े-बड़े पदविभूषित हैं, ये भी कहीं नहीं पहुंचने वाले। कितने को रिलाइजेशन दिया हमने आपको मालूम है, बड़े-बड़े राजे महाराजे सेक्रेटरी क्या किस काम के सब अपने पद पर बैठे। किसी को लगता है कुछ के हमारे अंदर दीप क्यों जला। चिट्ठियां मुझे लिखते हैं, हमें बड़ा आनंद आ रहा है आनंद आ रहा है। कोई कुछ करने की सोचता है कि हमने लिया किसी और को भी बांटे। अपना विशेष स्थान जब होता है, तो अपने को भी विशेष होना पड़ता है। इसी साधारण सामान्य में से ही असामान्य निकलने वाला है, वही निखरने वाला है धीरे-धीरे आपको खुद समझ में आ जाएगा कि ये महामूर्ख हैं, इनसे कौन बात करें।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा

रोजालिंड फ्रैंकलिन : जन्म- 25 जुलाई, 1920 | जन्म

# अपना सर्वश्रेष्ठ करने से हम सफलता के करीब पहुंचेंगे

रोजालिंड फ्रैंकलिन का जन्म 25 जुलाई 1920, नॉटिंग हिल, लंदन में हुआ। कोल रसायन विज्ञान और वायरस संरचना अनुसंधान दोनों में फ्रैंकलिन की वैज्ञानिक उपलब्धियां काफी थीं। उन क्षेत्रों में उसके साथियों ने उसके जीवन के दौरान और उसकी मृत्यु के बाद इस बात को स्वीकार किया, लेकिन डीएनए संरचना की खोज में उनकी भूमिका ने सबसे अधिक लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। उनका निधन 16 अप्रैल 1958 में हुआ था।



मेरे लिए विज्ञान जीवन की आंशिक व्याख्या करता है। जहां तक बात है तो यह तथ्य, अनुभव और प्रयोग पर आधारित है। आप बार-बार कहते हैं और अपने पत्र में आप संकेत देते हैं कि मैंने पूरी तरह से एकतरफा दृष्टिकोण विकसित कर ली है और हर चीज को विज्ञान के संदर्भ में देखती हूं और सोचती हूं। जाहिर तौर पर मेरे सोचने और तर्क करने का तरीका वैज्ञानिक प्रशिक्षण से प्रभावित है - अगर ऐसा नहीं होता तो मेरी वैज्ञानिक प्रशिक्षण बेकार और असफल होती। आप विज्ञान को (या कम से कम इसके बारे में बात करते हैं) मनुष्य के मनोबल गिराने वाले किसी प्रकार के आविष्कार के रूप में देखते हैं, जो वास्तविक जीवन से अलग है और जिसे सावधानीपूर्वक संरक्षित किया जाना चाहिए और रोजमर्रा के अस्तित्व से अलग रखा जाना चाहिए। लेकिन विज्ञान और रोजमर्रा की जिंदगी को अलग नहीं किया जा सकता और न ही किया जाना चाहिए। आपके सिद्धांत वे हैं जिन पर विश्वास करना आपको और कई अन्य लोगों को सबसे आसान और सुखद लगता है, लेकिन, जहां तक मैं देख सकता हूं, उनका कोई आधार नहीं है, सिवाय इसके कि वे जीवन के सुखद दृष्टिकोण की ओर ले जाएं... मैं मानती हूं कि सफलता के लिए विश्वास आवश्यक है जीवन... लेकिन मैं आस्था की आपकी परिभाषा, यानी मृत्यु के बाद जीवन में विश्वास को स्वीकार नहीं करती। मेरे विचार में, विश्वास के लिए जो कुछ भी आवश्यक है वह यह विश्वास है कि अपना सर्वश्रेष्ठ करने से हम सफलता के करीब पहुंचेंगे और हमारे लक्ष्यों (मानव जाति के भाग्य, वर्तमान और भविष्य में सुधार) में सफलता प्राप्त करने योग्य है... मेरा विचार यह है कि इस दुनिया में विश्वास दूसरी दुनिया में विश्वास के बिना पूरी तरह से संभव है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# भगवान के भजन की महत्ता



भगवान को बजने के लिए भजन किया जाता है। भजन करने से साउंड की जो वाइब्रेशन निकलती हैं, वो हमारे चित को मन को शांत करती है, और हम अच्छा फील करते हैं, हमारा मन अच्छा होता है, हमारे चक्र भी बैलेंस होते हैं भजन की वाइब्रेशन के कारण और साथ में हम जो ताली, मजीरा आदि बजाते हैं उनसे हमें अनेक शरीक लाभ भी मिलते हैं। भोजन जैसे शरीर के लिए आवश्यक है वैसे ही भजन मन के लिए। लेकिन भजन का अर्थ किसी देवता की आराधना में गाए जाने वाले पद से नहीं है। बल्कि भजन का अर्थ है वे चीज, वे विचार या वे बातें जिन्हें हम हमेशा अपने मन-मस्तिष्क में बनाए रखते हैं। एक स्वस्थ मस्तिष्क के बिना एक स्वस्थ शरीर की कल्पना नहीं की जा सकती है। एक कबूतर कबूतरनी का जोड़ा आकाश में विचरण कर रहा था, तभी उनके ऊपर एक बाज उनको खाने के लिए उनके ऊपर उड़ने लगा। तब वह दोनों जेसे-तेसे भागने लगे तब जमीन पर एक शिकारी भी उनको मारने के लिए आ गया । उस समय कबूतर भगवत नाम का स्मरण कर रहा था। और उसे कोई भय नही था, पर उसकी पत्नी को डर लग रहा था। वह सोच रही थी की की मेरा पति तो भगवान का जप कर रहा है इसे कोई डर नही है। और हमारी दोनों और से मृत्यु निश्चित है। या तो हमें बाज मार डालेगा या वो नीचे शिकारी है वो मार देगा, अब हमारा क्या होगा हम तो मरने वाले हैं। तभी भगवानकी कृपा से वहाँ जमीन पर एक सांप आ जाता है और वह सांप वहां खड़े शिकारी को डस लेता है। और उसने जो तीर अपने धनुष पर लगा रखा था वो हाथ से छूट कर उस बाज के लग जाता है। और उनके पास दोनों तरफ से आई हुई मृत्यु टल जाती है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

# भगवान बचाएगा !

एक समय की बात है किसी गाँव में एक साधु रहता था, वह भगवान का बहुत बड़ा भक्त था और निरंतर एक पेड़ के नीचे बैठ कर तपस्या किया करता था। उसका भागवान पर अटूट विश्वास था और गाँव वाले भी उसकी इज्जत करते थे। एक बार गाँव में बहुत भीषण बाढ़ आ गई। चारो तरफ पानी ही पानी दिखाई देने लगा, सभी लोग अपनी जान बचाने के लिए ऊँचे स्थानों की तरफ बढ़ने लगे। जब लोगों ने देखा कि साधु महाराज अभी भी पेड़ के नीचे बैठे भगवान का नाम जप रहे हैं तो उन्हें यह जगह छोड़ने की सलाह दी। पर साधु ने कहा- "तुम लोग अपनी जान बचाओ मुझे तो मेरा भगवान बचाएगा!" धीरे-धीरे पानी का स्तर बढ़ता गया, और पानी साधु के कमर तक आ पहुंचा, इतने में वहां से एक नाव गुजरी। मल्लाह ने कहा- "हे साधू महाराज आप इस नाव पर सवार हो जाइए मैं आपको सुरक्षित स्थान तक पहुंचा दूंगा।" "नहीं, मुझे तुम्हारी मदद की आवश्यकता नहीं है, मुझे तो मेरा भगवान बचाएगा !! ", साधु ने उत्तर दिया. नाव वाला चुप-चाप वहां से चला गया. कुछ देर बाद बाढ़ और प्रचंड हो गयी, साधु ने पेड़ पर चढ़ना उचित समझा और वहां बैठ कर ईश्वर को याद करने लगा। तभी अचानक उन्हें गड़गडाहत की आवाज़ सुनाई दी, एक हेलिकोप्टर उनकी मदद के लिए आ पहुंचा, बचाव दल ने एक रस्सी लटकाई और साधु को उसे जोर से पकड़ने का आग्रह किया। पर साधु फिर बोला-" मैं इसे नहीं पकडूँगा, मुझे तो मेरा भगवान बचाएगा।" उनकी हठ के आगे बचाव दल भी उन्हें लिए बगैर वहां से चला गया। कुछ ही देर में पेड़ बाढ़ की धारा में बह गया और साधु की मृत्यु हो गयी। मरने के बाद साधु महाराज स्वर्ग पहुचे और भगवान से बोले -. "हे प्रभु मैंने तुम्हारी पूरी लगन के साथ आराधना की तपस्या की पर जब मै पानी में डूब कर मर रहा था तब तुम मुझे बचाने नहीं आये, ऐसा क्यों प्रभु ? भगवान बोले, " हे साधु महात्मा मै तुम्हारी रक्षा करने एक नहीं बल्कि तीन बार आया, पहला, ग्रामीणों के रूप में, दूसरा नाव वाले के रूप में, और तीसरा ,हेलीकाप्टर बचाव दल के रूप में. किन्तु तुम मेरे इन अवसरों को पहचान नहीं पाए।" मित्रों, इस जीवन में ईश्वर हमें कई अवसर देता है, इन अवसरों की प्रकृति कुछ ऐसी होती है कि वे किसी की प्रतीक्षा नहीं करते है, वे एक दौड़ते हुआ घोड़े के सामान होते हैं जो हमारे सामने से तेजी से गुजरते हैं, यदि हम उन्हें पहचान कर उनका लाभ उठा लेते है तो वे हमें हमारी मंजिल तक पंहुचा देते है, अन्यथा हमें बाद में पछताना ही पड़ता है।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

## अनंत अवसर के लिए बनें

# ट्रेनिंग मैनेजर

एक ट्रेनिंग मैनेजर कर्मचारियों को उनके कौशल को बेहतर बनाने और उनके करियर में आगे बढ़ने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत में, इस पद में यह सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को डिजाइन करना, व्यवस्थित करना और उनकी देखरेख करना शामिल है कि कर्मचारी अच्छी तरह से प्रशिक्षित और प्रेरित हों। यहां एक ट्रेनिंग मैनेजर क्या करता है, इसका एक सरल अवलोकन दिया गया है:



### मुख्य जिम्मेदारियां

#### प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित करना

एक ट्रेनिंग मैनेजर का मुख्य काम प्रभावी प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाना है। इसमें कंपनी और कर्मचारियों की ज़रूरतों को समझना और इन ज़रूरतों को पूरा करने वाले प्रशिक्षण सत्र डिज़ाइन करना शामिल है। कार्यक्रम नेतृत्व, ग्राहक सेवा, तकनीकी कौशल या कंपनी की नीतियों जैसे विभिन्न विषयों को कवर कर सकते हैं।

#### प्रशिक्षण सत्र आयोजित करना

एक बार प्रशिक्षण कार्यक्रम डिज़ाइन हो जाने के बाद, ट्रेनिंग मैनेजर इन सत्रों को व्यवस्थित करने और शेड्यूल करने के लिए ज़िम्मेदार होता है। इसमें स्थानों की बुकिंग, प्रशिक्षकों या सुविधाकर्ताओं की व्यवस्था करना और यह सुनिश्चित करना शामिल है कि सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध हैं। ट्रेनिंग मैनेजर सुनिश्चित करता है कि



प्रशिक्षण सत्र सुचारू रूप से चले और प्रभावी हों।

#### प्रशिक्षण आयोजित करें

कुछ मामलों में, ट्रेनिंग मैनेजर स्वयं प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर सकता है। इसमें जानकारी प्रस्तुत करना, चर्चाओं का नेतृत्व करना और कर्मचारियों को जोड़ने के लिए विभिन्न शिक्षण विधियों का उपयोग करना शामिल है। उनका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कर्मचारी जो सीखा है उसे समझें और लागू कर सकें।

#### प्रशिक्षण प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना

प्रशिक्षण सत्रों के बाद, ट्रेनिंग मैनेजर उनकी प्रभावशीलता का मूल्यांकन करता है। इसमें कर्मचारियों से फीडबैक एकत्र करना, प्रदर्शन सुधारों की समीक्षा करना और आवश्यकतानुसार कार्यक्रमों में समायोजन करना शामिल है। लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रशिक्षण अपने उद्देश्यों को पूरा कर रहा है और कर्मचारी विकास में योगदान दे रहा है।

#### प्रशिक्षण बजट को मैनेज करें

प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए बजट का प्रबंधन करने के लिए ट्रेनिंग मैनेजर जिम्मेदार होता है। इसमें प्रशिक्षण सामग्री, स्थानों और बाहरी प्रशिक्षकों के लिए खर्चों की योजना बनाना और उन्हें नियंत्रित करना शामिल है। प्रबंधक यह सुनिश्चित करता है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम लागत प्रभावी हों और बजट के भीतर रहें।

#### प्रचलनों के साथ अपडेट रहें

प्रशिक्षण और विकास का क्षेत्र हमेशा विकसित हो रहा है। ट्रेनिंग मैनेजर प्रशिक्षण में नवीनतम रुझानों, तकनीकों और प्रौद्योगिकियों के साथ अपडेट रहता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नई विधियों को शामिल करने और उन्हें प्रासंगिक बनाए रखने में मदद करता है।

#### अन्य विभागों के साथ सहयोग करें

ट्रेनिंग मैनेजर अन्य विभागों के साथ मिलकर उनकी प्रशिक्षण आवश्यकताओं को समझने के लिए काम करता है। वे कौशल अंतराल की पहचान करने और विभागीय लक्ष्यों और कंपनी के उद्देश्यों के साथ संरेखित प्रशिक्षण समाधान विकसित करने के लिए विभाग प्रमुखों और प्रबंधकों के साथ सहयोग करते हैं।

#### प्रशिक्षण रिकॉर्ड बनाए रखें

सभी प्रशिक्षण गतिविधियों का सटीक रिकॉर्ड रखना महत्वपूर्ण है। ट्रेनिंग मैनेजर प्रशिक्षण सत्रों, उपस्थिति और प्रतिक्रिया का रिकॉर्ड रखता है। इन रिकॉर्ड का उपयोग प्रगति को ट्रैक करने, प्रशिक्षण के प्रभाव का आकलन करने और वरिष्ठ प्रबंधन को रिपोर्ट करने के लिए किया जाता है।

#### कौशल और योग्यताएं

**शैक्षणिक पृष्ठभूमि :** मानव संसाधन, व्यवसाय प्रशासन, शिक्षा या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री आमतौर पर आवश्यक होती है। प्रशिक्षण और विकास में मास्टर डिग्री या अतिरिक्त प्रमाणपत्र एक लाभ हो सकता है।

**अनुभव :** प्रशिक्षण, मानव संसाधन या संबंधित क्षेत्र में पिछला अनुभव महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों को डिजाइन करने और संचालित करने का अनुभव अत्यधिक मूल्यवान है।

**संचार कौशल :** मजबूत मौखिक और लिखित संचार कौशल आवश्यक हैं। ट्रेनिंग मैनेजर को स्पष्ट रूप से जानकारी देने और कर्मचारियों को प्रभावी ढंग से संलग्न करने में सक्षम होना चाहिए।

**संगठनात्मक कौशल :** कई प्रशिक्षण सत्रों और गतिविधियों की योजना बनाने, व्यवस्थित करने और प्रबंधित करने की क्षमता महत्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सब कुछ सुचारू रूप से चले, विवरण पर ध्यान और मजबूत संगठनात्मक कौशल की आवश्यकता है।

**नेतृत्व कौशल :** प्रशिक्षण सत्रों के दौरान कर्मचारियों को मार्गदर्शन और प्रेरित करने के लिए ट्रेनिंग मैनेजर के पास मजबूत नेतृत्व कौशल होना चाहिए। सीखने को प्रेरित करने और प्रोत्साहित करने की क्षमता महत्वपूर्ण है।

**समस्या-समाधान कौशल:** ट्रेनिंग मैनेजर को प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पहचान करने, प्रशिक्षण से संबंधित समस्याओं को हल करने और आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सुधार करने में सक्षम होना चाहिए।

#### कार्य परिस्थितियां

ट्रेनिंग मैनेजर आमतौर पर एक कार्यालय सेटिंग में काम करते हैं। उन्हें प्रशिक्षण सत्रों या बैठकों के लिए अलग-अलग स्थानों पर यात्रा करने की आवश्यकता हो सकती है। नौकरी में लंबे समय तक काम करना शामिल हो सकता है, खासकर जब प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन और संचालन करना हो।

**- नीलम रामअवध**

# Swiggy में सेल्स मैनेजर के पोस्ट पर वैकेंसी

## ग्रेजुएट करें अप्लाई; जॉब लोकेशन दिल्ली



इंफूड डिलिवरी कंपनी, **Swiggy** ने सेल्स मैनेजर के पोस्ट पर वैकेंसी निकाली है। इस पोस्ट पर शॉर्टलिस्ट किए गए कैंडिडेट के पास ई-कॉमर्स एक्टिविटी और सभी ऑनलाइन मार्केटिंग चैनलों का अच्छा वर्किंग नॉलेज और एक्सपीरियंस होना चाहिए।

### रोल और रिस्पॉन्सिबिलिटी

- रेस्टेरेंट के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन करना और इसके अलावा, मौजूदा और नए कस्टमर्स से इन्क्वायरी हैंडल करना।
- मार्केट से सेल्स लीड बनाना, बिना स्टार वाले से 5 स्टार तक के रेस्टोरेंट से एक्टिवली अप्रोच करना और उन्हें Swiggy के साथ पार्टनर के रूप में ऑनबोर्ड करना।
- रेस्टोरेंट के ऑनर के साथ स्ट्रॉन्ग रिलेशन बनाए रखना और उन्हें मार्केट से रिलेटेड इश्यूज पर सलाह और सॉल्यूशन देना।
- सेल्स एडमिनिस्ट्रेशन और ऑपरेशनल परफॉर्मेंस रिपोर्टिंग को मैनेज करना।
- सेल्स, रेवेन्यू, टार्गेट को शामिल करते हुए एक बिजनेस प्लान डेवलप करना और ऑर्गनाइजेशन की मौजूदगी और एक्सपेंस कंट्रोल को बढ़ावा देना। इसके अलावा, तय किए गए टार्गेट को पूरा करना।
- फील्ड में फर्स्ट कमांड के रूप में संभावित कस्टमर्स को हैंडल करने में सक्षम होना।
- मार्केट में Swiggy का फेस बनना और उन वैल्यूज के लिए खड़ा होना जिनमें कंपनी विश्वास करती है।

### एजुकेशनल क्वालिफिकेशन

इस पोस्ट पर अप्लाई करने वाले कैंडिडेट के पास किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए।

### एक्सपीरियंस

कैंडिडेट्स के पास सेल्स डोमेन में 1 से 2 सालों का एक्सपीरियंस होना चाहिए।

### जरूरी स्किल्स

- कॉन्फिडेंट, प्लीजिंग और गो-गेटर पर्सनालिटी।
- इफेक्टिव कम्युनिकेशन स्किल्स।
- सेल्स के लिए एटिट्यूड और एप्टीट्यूड।
- कैंडिडेट को टीम प्लेयर होना चाहिए।
- एनालिटिकल और अच्छा एक्सेल स्किल्स।
- लीडरशिप और इंफ्लुएंसिंग स्किल्स।
- फ्लेक्सिबल टाइम में काम करने के लिए तैयार होना चाहिए।
- कैंडिडेट में क्रिएटिविटी और ओरिजनैलिटी होनी चाहिए।

### सैलरी स्ट्रक्चर

अलग-अलग सेक्टर्स की जॉब सैलरी बताने वाली वेबसाइट एम्बीशन बॉक्स (AmbitionBox) के मुताबिक, Swiggy में सेल्स मैनेजर की सलाना सैलरी 3.5 लाख रुपए से 11 लाख रुपए तक हो सकती है।

### जॉब लोकेशन

- इस पोस्ट की जॉब लोकेशन दिल्ली है।

### अप्लाई करने का डायरेक्ट लिंक

आप नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके इस पोस्ट के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

### कंपनी के बारे में

Swiggy एक इंडियन ऑनलाइन फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी प्लेटफॉर्म है। इसकी शुरुआत साल 2014 में हुई थी। Swiggy का हेडक्वार्टर बैंगलोर में है और सितंबर 2021 तक यह 500 से अधिक भारतीय शहरों में ऑपरेट कर रहा है।
फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी के अलावा, प्लेटफॉर्म इंस्टामार्ट नाम से ऑन-डिमांड ग्रोसरी आइटम की भी डिलीवरी करता है। श्रीहर्ष मजेटी, नंदन रेड्डी और राहुल जैमिनी ने मिलकर इसकी शुरुआत की थी।

# रेलवे में अप्रेंटिस के 2438 पदों पर निकली भर्ती, 10वीं, 12वीं पास को मौका, फीस 100 रुपए

दक्षिण रेलवे की ओर से अप्रेंटिसशिप के पदों पर भर्ती निकली है। इस भर्ती के लिए उम्मीदवार साउथर्न रेलवे की ऑफिशियल वेबसाइट sr.indianrailways.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्थान से 10th/ 12th/ संबंधित ट्रेड में आईटीआई सर्टिफिकेट प्राप्त किया हो।

**आयु सीमा :**
न्यूनतम आयु 15 वर्ष।
ऊपरी आयु फ्रेशर्स के लिए 22 वर्ष और एक्स ITI & MLT के लिए 24 वर्ष तय की गई है।
ऊपरी आयु में नियमानुसार छूट दी जाएगी।

सिलेक्शन प्रोसेस :



उम्मीदवारों का सिलेक्शन 10वीं और आईटीआई में मिले अंकों की मेरिट के आधार पर किया जाएगा। इसके बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और मेडिकल टेस्ट होगा।

**फीस :**
सामान्य, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस : 100 रूपए
अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग और सभी वर्ग की महिला : निःशुल्क
स्टाइपेंड :
रेलवे नियमों के अनुसार।

**ऐसे करें आवेदन :**

- ऑफिशियल वेबसाइट sr.indianrailways.gov.in पर जाएं।
- पॉप अप में अप्रेंटिसशिप के लिंक पर क्लिक करें।
- Click here for Apply Online लिंक पर क्लिक करें।
- रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके रजिस्ट्रेशन कर लें।
- अब लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल्स भरें और फॉर्म पूरा करें।
- फीस जमा करके फॉर्म सब्मिट कर दें।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** मेहनत सफल रहेगी। कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। ऐश्वर्य के साधन मिलेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। कार्य निर्णय बहुत शांति से विचार करके करना ही शुभ है।

**वृष:** दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। समाज में आपके कार्यों की आलोचना होगी। राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे।

**मिथुन:** पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा। नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। रुका धन मिलेगा। व्यापार में नए अनुबंध होंगे।

**कर्क:** यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम न उठाएं। प्रसन्नता रहेगी। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावना है। व्ययों में कमी करना चाहिए।

**सिंह:** फालतू खर्च होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों पर अतिविश्वास न करें। वस्तुएं संभालकर रखें। आपकी मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति आपके जीवन में आनंद का संचार करेगी। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी।

**कन्या:** डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। रोजगार के क्षेत्र में उन्नति होगी।

**तुला:** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे, प्रयास करें। प्रसन्नता रहेगी। उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा। प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव मिलेंगे।

**वृश्चिक:** राजकीय बाधा दूर होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता रहेगी। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद। व्यवहारकुशलता से समस्या का समाधान हो सकेगा।

**धनु:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से हानि होगी। आय कम होगी। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता का विशेष योग है। व्यापारिक निर्णय जल्दबाजी में न लें।

**मकर:** राजकीय बाधा दूर होगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता रहेगी। प्रमाद न करें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी। अधूरे पड़े काम पूरे होने के योग हैं।

**कुंभ:** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। शत्रु परास्त होंगे। बेरोजगारी दूर होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश लाभदायक रहेंगे। व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी। संतान की शिक्षा संबंधी समस्या रह सकती है।

**मीन:** यात्रा मनोरंजक रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। आय में अधिक व्यय से मनोबल कमजोर पड़ सकता है। कार्य, व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा।

# शनिवार को करें मोर पंख के ये आसान उपाय, दूर होंगी आपकी सारी परेशानियां

वास्तु शास्त्र बहुत प्राचीन है और हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। अब ज्यादातर लोग घर बनवाते वक्त वास्तु नियमों का विशेष ध्यान रखते हैं। इसके साथ ही वास्तु शास्त्र में घर और उसमें रहने वाले व्यक्तियों से जुड़ी समस्याओं और परेशानियों के समाधान के बारे में भी बताया गया है।
वास्तु शास्त्र में मोर पंख के बारे में भी बताया गया है। बता दें कि मोर पंख भगवान श्री कृष्ण को बेहद प्रिय है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, अगर मोर पंख अपने घर में लाकर लगाते हैं, तो अवश्य ही वह आपको लाभ देता है। जानते हैं मोर पंख से जुड़े ऐसे उपाय जो आपके जीवन की हर परेशानी को दूर कर देंगे। आपको ये उपाय शनिवार के दिन करने हैं।
मोर पंख से जुड़े वास्तु उपायः-



1. अगर आपकी कुंडली में कोई ग्रह दोष है तो आप उसे मोर पंख के उपाय से दूर कर सकते हैं। आपकी कुंडली में मौजूद ग्रह दोषों को दूर करने के लिए आपको मोर पंख को हाथ में लेकर पीड़ित ग्रह के मंत्र का जाप करना है। ऐसा करने से आपकी कुंडली में मौजूद ग्रहों की स्थिति सामान्य होती है।
2. घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने के लिए घर की ईशान दिशा में भगवान श्रीकृष्ण की तस्वीर या मोर पंख लगाना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार, ऐसा करने से आपके घर में मौजूद वास्तु दोष भी दूर होता है। इससे आपके जीवन में आ रही परेशानियां कम हो जाएंगी। इसके साथ ही आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।
3. अगर आपके घर में लड़ाई झगड़े या कलह का माहौल बना रहता है। बिना बात के आपको गुस्सा आने लगता है। अगर ऐसा है तो घर की दक्षिण पूर्व दिशा में मोर पंख लगाने से घर में सुख शांति बनी रहती है। इसके साथ ही आपको वास्तु दोष भी नहीं लगता।
4. हर मंगलवार और शनिवार के दिन हनुमान जी की प्रतिमा से सिंदूर लेकर उसे मोरपंख पर लगाएं और फिर इसे जल में बहा दें। वास्तु शास्त्र के अनुसार, ऐसा करने से आपके शत्रु परास्त होते हैं।
5. अगर आपके घर में कलह का माहौल रहता है तो घर में सुख शांति बनाए रखने के लिए आपको अपने घर के मुख्य द्वार पर तीन मोर पंख लगाने चाहिए। ऐसा करने से आपको अपने घर के क्लेश उसे भी छुटकारा मिलता है।



प्रियंका जैन
9769994439

दो बजे दोपहर
IGR INDIA GROUND REPORT



## खबर संक्षेप

### सिटी बस के किराये के हर स्लैब में बढ़े तीन रुपए

**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड की 29वीं बैठक हुई। जिसमें सिटी बसों का संशोधित किराया लागू करने पर सहमति बनी। संशोधित स्लैब में 12, 22, 32 रुपए की जगह अब 15, 25, 35 रुपए किराया निर्धारित किया गया। दहाई का अंक दो होने की वजह से परिचालकों को किराया वसूलने में परेशानी हो रही थी। बैठक में निदेशक मंडल ने सिटी ट्रांसपोर्ट को मिली 04 वाटर टैक्सी को वापस पर्यटन विभाग को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया। साथ ही ऑक्शन (नीलामी) रेट संशोधित करने के संबंध में बात हुई। सिटी ट्रांसपोर्ट के बसों पर लोगों फाइनल करने के लिए नगर आयुक्त को अधिकृत किया गया।

### पटना में सौतेली मां ने दो बच्चों को कुएं में फेंका, एक की मौत

**पटना।** बिहटा थाना क्षेत्र के सदीसोपुर गांव में दो सौतनों के बीच हुए विवाद के बाद सौतेली मां ने दो बच्चों को कुएं में फेंक दिया। एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत नाजुक बनी हुई है। मृत बच्चे की पहचान अरुण ठाकुर के बेटे अर्णव कुमार के रूप में हुई है, जबकि घायल की पहचान शम्मी कुमार के रूप में हुई है। बच्चे की मौत की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई है। आरोपित महिला को हिरासत में ले लिया गया है। घायल बच्चे का इलाज कराया जा रहा है।

### NH 19 पर बोलेरो ने चाचा-भतीजे को रौंदा, दोनों की मौत

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में नेशनल हाईवे 19 पर बारुण थाना क्षेत्र के बरडीह मोड़ के पास बुधवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने बुलेट सवार दो युवकों को कुचल दिया। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में नवीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के अंकोरहा गांव निवासी नरेश यादव का 19 वर्षीय पुत्र चिंटू उर्फ पंकज कुमार और गोरख यादव का 18 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार शामिल हैं। दोनों मृतक चाचा-भतीजा हैं। चिंटू का बड़ा भाई राजकुमार यादव अंकोरहा पंचायत का उपमुखिया है। परिजनों ने बताया कि प्रिंस और चिंटू दोनों औरंगाबाद में एक साथ पढ़ते थे। प्रिंस ने इसी साल 12वीं की परीक्षा पास की थी। दोनों प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। दोनों किसी काम से घर गए थे, जहां से औरंगाबाद जा रहे थे। जैसे ही दोनों बरडीह मोड़ के पास पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो ने दोनों को रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था कि बुलेट बाइक और बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

## एक्शन में योगी सरकार

# बड़े पैमाने पर अफसरों का तबादला

**एजेंसी । लखनऊ**

योगी सरकार लगातार ऐक्शन में है। प्रदेश में एक बार फिर आईएएस और पीसीएस अफसरों के तबादले हुए हैं। आईएएस शिव प्रसाद को अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम उत्तर प्रदेश का निदेशक बनाया गया है। आईएएस शत्रुघन वैश्य को सीडीओ फिरोजाबाद बनाया गया है। फिरोजाबाद की सीडीओ आईएएस दीक्षा जैन को कानपुर सिटी का सीडीओ बनाया गया है। कानपुर सिटी के सीडीओ आईएएस सुधीर कुमार को कानपुर का नगर आयुक्त बनाया गया है। पीसीएस राजेश कुमार यादव (प्रथम) एडीएम न्यायिक रायबरेली को एडीएम नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति मथुरा बनाया गया है। नमामि गंगे मथुरा के एडीएम पीसीएस अधिकारी विशाल कुमार यादव को रायबरेली का एडीएम बनाया गया है। वहीं प्रतीक्षारत आईएएस अधिकारी प्रेरणा सिंह को एसीईओ ग्रेटर नोएडा अर्थारिटी बाया गया है।

### इनका भी हुआ तबादला



डॉ कंचन शरण अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल को अपर आयुक्त आगरा मंडल बनाया गया है। बरेली मंडल के अपर आयुक्त अरुण कुमार को अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल बनाया गया है। लखनऊ मंडल के अपर आयुक्त शीलधर सिंह यादव को विशेष सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग बनाया गया है। वहीं रणविजय यादव अपर आयुक्त लखनऊ मंडल को विशेष सचिव सिंचाई विभाग के पद पर नियुक्त किया गया है। लखनऊ, गोरखपुर के सिटी मजिस्ट्रेट और बुलंदशहर के एसडीएम का भी ट्रांसफर हुआ है। तीनों को नई तैनाती दी गई है। लखनऊ के सिटी मजिस्ट्रेट रहे पीसीएस अधिकारी सिद्धार्थ को कानपुर का नया एडीएम एफआर बनाया गया है। वहीं गोरखपुर के सिटी मजिस्ट्रेट रहे पीसीएस अधिकारी मंगलेश दुबे को नोएडा का एडीएम प्रशासन बनाया गया है। बुलंदशहर के एसडीएम पीसीएस अधिकारी विमल किशोर गुप्ता को मेरठ का एडीएम न्यायिक बनाया गया है। पंकज दीक्षित एसडीएम बहराइच को एसडीएम आज़मगढ़ बनाया गया। पीसीएस अधिकारी शालिनी सिंह तोमर जो अभी तक सहायक निदेशक स्थानीय निकाय के पद पर तैनात थीं, एसडीए उन्नाव बनाया गया है।

# झारखंड सरकार देगी मंत्रियों और अफसरों को 60 हजार का फोन

### ▸▸ हर महीने रिचार्ज के लिए मिलेंगे 3000

**एजेंसी । रांची**

झारखंड सरकार के मंत्रियों और वरीय अधिकारियों को 60,000 रुपये का मोबाइल फोन दिया जायेगा। साथ ही उनको रिचार्ज के लिए हर महीने 3,000 रुपये भी दिये जायेंगे। वित्त विभाग ने राज्य सरकार के मंत्रियों और विभिन्न स्तर के पदाधिकारियों के लिए मोबाइल क्रय व रिचार्ज कूपन की नयी अधिसीमा निर्धारित की है। इससे संबंधित प्रस्ताव मंत्रिमंडल की स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

### ये अधिकारी खरीद सकेंगे 40 हजार तक के फोन




वहीं, अपर सचिव, संयुक्त सचिव, अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक व प्रधान कर्मचारीवृंद स्तर के अधिकारियों के लिए 40,000 रुपये के मोबाइल की खरीद की जायेगी। उनको रिचार्ज के लिए हर महीने 1,500 रुपये दिये जायेंगे। इसके अलावा उप सचिव, उप निदेशक व वरीय प्रधान आप्त सचिव को 35,000 और अवर सचिव, सहायक निदेशक, प्रधान आप्त सचिव, कोषागार, उप कोषागार पदाधिकारी समेत सभी राजपत्रित कर्मचारियों को 30,000 रुपये का मोबाइल दिया जायेगा। रिचार्ज के लिए उनको क्रमशः 1,000 व 750 रुपये दिये जायेंगे।

### कैबिनेट मीटिंग में होगा फैसला

बुधवार को होनेवाली कैबिनेट की बैठक में इस पर सहमति ली जायेगी। प्रस्ताव के मुताबिक राज्य सरकार के मंत्री, राज्यमंत्री, उपमंत्री, मुख्य सचिव, डीजीपी, आयुक्त, सचिव, प्रमंडलीय आयुक्त, क्षेत्रीय महानिरीक्षक, आरक्षी उप महानिरीक्षण, उपायुक्त व आरक्षी अधीक्षक अब 60,000 रुपये कीमत की मोबाइल खरीद सकेंगे। उनको हर महीने रिचार्ज के लिए 3,000 रुपये भी दिये जायेंगे। विशेष सचिव स्तर के अफसर 45,000 रुपये का मोबाइल खरीद सकेंगे। उनको रिचार्ज के लिए प्रतिमाह 2,000 रुपये मिलेंगे।

# पति ने नहीं दिलाया मनपसंद मोबाइल, बीवी ने कर ली आत्महत्या

**एजेंसी । बस्ती**

यूपी के बस्ती से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां 25 साल की एक विवाहिता ने पति से मोबाइल की डिमांड की। लेकिन पति ने असमर्थता जाहिर की तो वह फांसी के फंदे से लटक गई। आनन-फानन में परिजन उसे रस्सी से नीचे उतारकर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिर उन्होंने मृतका के मायके वालों को जानकारी दी। अंतिम संस्कार की तैयारियां होने लगी। इस बीच किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

### दोनों ने की थी लव मैरिज

**पूरा माजरा समझें**

ये घटना कलवारी थाना क्षेत्र के रोहीपुर उर्फ मछली गांव का है। सोमवार देर रात शीला अपने पति पप्पू से 35 हजार रुपये की मोबाइल की मांग की। इस पर पति ने पत्नी को अपना मोबाइल देने लगा और कहा कि वह सुबह नया खरीद के दे देगा। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई। शीला की सास के मुताबिक लड़ाई के बाद दोनों अपने कमरे में सोने चले गए। सुबह पप्पू उठा तो देखा कि बीवी कमरे के छत के कुंडे से फांसी लगा ली है।

## हेमंत सोरेन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करना बीजेपी विधायक को पड़ा महंगा

### ▸▸ पुलिस ने दर्ज की FIR





**एजेंसी । गढ़वा**

बीजेपी विधायक भानु प्रताप शाही के खिलाफ झामुमो कार्यकर्ता ने गढ़वा के रमना थाने में शिकायत दर्ज करायी है। झामुमो कार्यकर्ता का आरोप है कि भानु प्रताप शाही ने सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया था। हेमंत सोरेन के खिलाफ टिप्पणी करने पर बीजेपी विधायक भानु प्रताप शाही पर एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। भानु प्रताप शाही के खिलाफ यह मुकदमा झामुमो कार्यकर्ता राजेंद्र उरांव ने गढ़वा के रमना थाने में दर्ज कराया है। झामुमो कार्यकर्ता का कहना है कि बीजेपी विधायक भानु प्रताप शाही ने हेमंत सोरेन के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की थी।

### क्या है मामला ?

झामुमो कार्यकर्ता ने शिकायत में लिखा है कि 22 जुलाई को भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने रांची में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ विवादित बयान दिया था। विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने कहा कि किसी को भी अमर्यादित भाषा का उपयोग नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से ठेस पहुंचती है।

## अफ्रीका के कैमरून में फंसे झारखंड के 27 प्रवासी मजदूरों की हुई वापसी



**एजेंसी । रांची**

अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे झारखंड के 27 प्रवासी मजदूरों की वतन वापसी हो गई है। सभी श्रमिकों ने आज सुबह झारखंड की धरती में कदम रखा। ये सभी मजदूर बुधवार सुबह मुंबई मेल ट्रेन नंबर 12322 से सुबह 4:19 बजे पारसनाथ स्टेशन पहुंचे। स्टेशन पर जिला प्रशासन ने सभी श्रमीकों का स्वागत किया। इस मौके पर झारखंड लौटने पर सभी मजदूरों के चेहरों पर खुशी छाई हुई है। सभी श्रमिकों ने सीएम हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी मजदूरों से वीडियो कॉल के जरिये बात की और कहा कि अफ्रीका के कैमरून में फंसे झारखण्ड के अपने 27 लोगों की परेशानियों के बारे में जानकारी मिली थी।

# रांची और लातेहार में एनआईए की रेड

**एजेंसी । रांची**

झारखंड में एक बार फिर से केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दबिश दी है। जानकारी के मुताबिक एनआईए की टीमों ने रांची और लातेहार के कई ठिकानों में छापेमारी चल रही है। जानकारी के अनुसार मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के लपरा में जितेन्द्रनाथ पांडेय व रोहित यादव नाम के दो लोगों के घर पर एनआईए का छापा पड़ा है।



पुलिस ने दोनों घरों को घेर लिया है। घरों के पास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात हैं। छापामारी में अधिकारियों संग दो महिला अधिकारी के भी होने की सूचना है। किसी को भी घरों से निकलने या अंदर जाने की अनुमति नहीं है। एनआईए की टीम सुबह चार बजे ही मैक्लुस्कीगंज थाना पहुंच चुकी थी। कई टीमों में बटकर 5:30 बजे से कार्रवाई शुरू हुई जो लगातार चल रही है। सूत्रों से मिली जकनकारी के अनुसार रोहित यादव के लपरा स्थित घर, चंदवा थाना के निंद्रा घर अन्य व्यवसायिक ठिकानों पर और जितेन्द्रनाथ पांडेय का लपरा स्थित घर सहित अन्य ठिकानों पर छापामारी चल रही है।

# शेरघाटी कोर्ट में सरेआम फायरिंग

## पेशी पर आए कुख्यात अपराधी और सुरक्षाकर्मी को लगी गोली

**एजेंसी । गया**

गया जिला का शेरघाटी कोर्ट परिसर बुधवार की दोपहर अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। यहां बाइक से पहुंचे कुछ अपराधियों ने कोर्ट में पेशी के लिए आए कुख्यात अपराधी फोटो खान पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। जिससे वह घायल हो गया। इस गोलीबारी में एक सिपाही भी घायल हो गया। दोनों को इलाज के लिए शेरघाटी के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि कोर्ट में तैनात सुरक्षा गार्डों ने हमलावरों में से एक को पकड़ लिया है। जानकारी के अनुसार अनवर अली हत्याकांड के मुख्य आरोपी फोटो खान को पेशी के लिए कड़ी सुरक्षा में कोर्ट लाया गया था। पेशी के बाद जब वो लौटने लगे तो हाजत से थोड़ी दूरी पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी।

## व्यापार जगत

# सेंट्रल बैंक ने जारी किए दमदार नतीजे

### ▸▸ Q1 में 110% बढ़ा मुनाफा
### ▸▸ सालभर में 111 फीसदी दिया रिटर्न

**एजेंसी । मुंबई**

सरकारी बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने जून तिमाही नतीजे जारी कर दिए हैं। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में पीएसयू बैंक के मुनाफे में तेज उछाल आया है। पहली तिमाही में PSU Bank का मुनाफा 110 फीसदी बढ़कर 880 करोड़ रुपये हो गया है। एक साल पहले समान तिमाही में मुनाफा 418 करोड़ रुपये था। वहीं नेट इंट्रेस्ट इनकम (NII) पिछले साल के मुकाबले 11.71 फीसदी की बढ़त के साथ 3548 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एक साल पहले की इसी तिमाही में NII 3176 करोड़ रुपये थी।




### जून तिमाही में पीएसयू बैंक की एसेट क्वालिटी बेहतर हुई

एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक, जून तिमाही में पीएसयू बैंक की एसेट क्वालिटी बेहतर हुई है। जून तिमाही में नेट एनपीए में तेज गिरावट देखने को मिली है। जून तिमाही में बैंक का ग्रॉस एनपीए 4.54 फीसदी रहा। एक साल पहले समान तिमाही में यह 4.95 फीसदी थी। वहीं, बैंक के नेट एनपीए जून तिमाही में 0.73 फीसदी पर आ गया, जो एक साल पहले समान तिमाही में 1.75 फीसदी था।

### कुल बिजनेस 583261 करोड़ रुपये से बढ़कर 635564 करोड़ रुपए

जून तिमाही में कुल बिजनेस 583261 करोड़ रुपये से बढ़कर 635564 करोड़ रुपये हो गई। इसमें 8.97 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। पहली तिमाही में बैंक की कुल डिपॉजिट 5.93 फीसदी बढ़कर 384949 करोड़ रुपये हो गई। Q1 में CASA डिपॉजिट 8772 करोड़ रुपये बढ़कर 180091 से 188863 करोड़ रुपये रही। सालाना आधार पर 4.87 फीसदी और कुल डिपॉजिट 49.19 फीसदी बढ़ी। ग्रॉस एडवांस 13.99 फीसदी बढ़कर 219863 करोड़ से 250615 करोड़ हो गया। एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक, जून तिमाही में RAM (रिटेल, एग्रीकल्चर और MSME) बिजनेस 18.81 फीसदी बढ़ी है। इंडिविजुअल सेक्टर के हिसाब से रिटेल, एग्रीकल्चर और MSME ग्रोथ क्रमशः 13.87 फीसदी, 15.36 फीसदी और 30.20 फीसदी रही। तिमाही आधार पर प्रोविजन 707 करोड़ रुपये से बढ़कर 1191 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले समान तिमाही में प्रोविजन 813 करोड़ रुपये था।

# बजट प्रस्ताव दीर्घकालिक सुधारों को बढ़ावा देंगे : नीति आयोग




**एजेंसी । नई दिल्ली**

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने बुधवार को कहा कि बजट में घोषित प्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क दरों की समीक्षा से दीर्घकालिक सुधारों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह एक संरचनात्मक बजट है, जो कार्यबल और निजी क्षेत्र के बीच संबंध बनाकर श्रम उत्पादकता में सुधार करने में मदद करेगा। सुमन बेरी ने एक साक्षात्कार में कहा, बजट में राजकोषीय समेकन को बनाए रखा गया और इसमें सुधार किया गया है, जो महत्वपूर्ण है। बजट प्रस्ताव दीर्घकालिक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं और यह 'विकसित भारत की दिशा में पहला कदम है। आर्थिक वृद्धि पर सवाल के जवाब में कहा, श्रम उत्पादकता और कार्यबल में बढ़ोतरी करने से वृद्धि दर बढ़ाना आसान होगा। भारत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन वह और बेहतर कर सकता है।

## रुपया सर्वकालिक निचले स्तर पर

**एजेंसी । मुंबई**

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसे कमजोर होकर 83.70 (अस्थायी) के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों के प्रति निवेशकों का आकर्षण घटने के बीच प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से यह गिरावट आई। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में पूंजीगत लाभ कर में वृद्धि और इंडेक्सेशन लाभ को हटाने की घोषणा डॉलर की खरीद का मुख्य कारण थी, क्योंकि विदेशी निवेशकों ने स्टॉक बेच दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.69 प्रति डॉलर पर खुला।

# SBI लाइफ को पहली तिमाही में 520 करोड़ का मुनाफा

**एजेंसी । मुंबई**

इंश्योरेंस कंपनी SBI लाइफ ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 519.52 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया है। सालाना आधार पर इसमें 36.34% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले की समान तिमाही यानी Q1FY24 में कंपनी ने 381.04 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। इस दौरान कंपनी का नेट प्रीमियम इनकम अप्रैल-जून 2023 के मुकाबले 15% बढ़कर 15,105 करोड़ रुपए रहा है। एक साल पहले कंपनी की प्रीमियम से कमाई 13,104 करोड़ रुपए थी। वहीं, इन्वेस्टमेंट यानी निवेश से कमाई 32.27% बढ़कर 19,283.50 करोड़ रुपए रही।

### सालाना आधार पर 36% बढ़ा, निवेश से आय 19,283 एक साल में 23.95% चढ़ा शेयर




### तिमाही आधार पर 35.92% कम हुआ मुनाफा

वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही यानी जनवरी-मार्च 2024 के मुकाबले SBI लाइफ का शुद्ध मुनाफा 35.92% कम हुआ है। पिछली तिमाही में कंपनी ने 810.80 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया था। इसी तरह, प्रीमियम से होने वाली कमाई भी करीब 40% कम हुई है। Q4FY24 में यह 25,116.47 करोड़ रुपए था।

### सालाना आधार पर AUM 26% बढ़ी:

- जून तिमाही के अंत में एसेट अंडर मैनेजमेंट (AUM) 26% बढ़कर 4.14 लाख करोड़ रुपए हो गई।
- नए बिजनेस की वैल्यू (VoNB) 12% बढ़कर 970 करोड़ रुपए रही। सॉल्वेंसी रेश्यो पिछले वर्ष के 2.15% से घटकर 2.01% हो गया।
- यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (Ulips) का टोटल प्रोडक्ट मिक्स में 61% हिस्सा रहा। , जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 53% था।
- अप्रैल-जून 2024 के दौरान नया बिजनेस सालाना आधार पर 13% बढ़कर 7,030 करोड़ रुपए हो गया।
- रिन्यूअल प्रीमियम सालाना आधार पर 16% बढ़कर 8,540 करोड़ रुपये हो गया।

# सेंसेक्स 280 अंक की गिरावट के साथ 80,148 पर बंद

## निफ्टी भी 65 अंक गिरा, बजाज फिनसर्व टॉप लूजर रहा

**एजेंसी । मुंबई**

बजट के अगले दिन आज यानी 24 जुलाई को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिला। सेंसेक्स 280 अंक की गिरावट के साथ 80,148 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में 65 अंक की गिरावट रही है, ये 24,413 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में गिरावट और 10 में तेजी देखने को मिल रही है। निफ्टी के 50 शेयरों में से 30 में गिरावट और 20 तेजी देखने को मिली।




### बैंकिंग सेक्टर में सबसे ज्यादा 0.89% की गिरावट रही

NSE के सेक्टोरल इंडेक्स में बैंकिंग सेक्टर सबसे ज्यादा 0.89% की गिरावट के साथ बंद हुआ। प्राइवेट बैंक में 0.76%, फाइनेंशियल सर्विस में 0.60% और FMCG में 0.53% की गिरावट रही। जबकि, मीडिया सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.47 % की तेजी रही।

### गिरावट के साथ कारोबार कर रहे एशियाई बाजार

- HDFC बैंक, एक्सिस बैंक,SBI और हिंदुस्तान यूनिलीवर ने बाजार को नीचे खींचा। रिलायंस, NTPC, टाटा मोटर्स और टेक महिंद्रा ने बाजार को ऊपर खींचा।
- एशियाई बाजार में आज गिरावट रही। जापान के निक्केई में 1.11% और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग में 0.91% की गिरावट रही। चीन का शंघाई कंपोजिट भी 0.46% गिरा।

चौथे ओलंपिक में पहला पदक जीतने की कोशिश में जुटे अनुभवी भारतीय तीरंदाज | विश्व चैंपियनशिप में जीत चुके नौ पदक

# ऐसे प्रयास करें जैसे आपका आखिरी ओलंपिक हो: तरुणदीप राय

एजेंसी | पेरिस

अनुभवी भारतीय तीरंदाज तरुणदीप राय के लिए पेरिस खेलों में 'अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति है। अपने चौथे ओलंपिक में हिस्सा ले रहे तरुणदीप टीम के अनौपचारिक 'मेंटोर के तौर पर काम भी कर रहे हैं। उनका सभी खिलाड़ियों से कहना है कि आपको इस तरह प्रयास करना चाहिए जैसे यह आपका आखिरी ओलंपिक हो।

### टोक्यो में क्वार्टर तक पहुंचे

सिक्किम के अनुभवी तीरंदाज ने 2004 एथेंस, 2012 लंदन और 2021 टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लिया था। टोक्यो में पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी जिसमें राय शामिल थे। उन्होंने कहा, ओलंपिक हर खिलाड़ी का सपना होता है और मैं भी अलग नहीं हूं। इसके लिए आपको सर्वश्रेष्ठ तैयारी करनी होती है। आपको क्वालीफाई करने और पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत करनी होती है। तीन साल में कई बदलाव आए हैं जो सकारात्मक हैं।



### 36 साल से पदक का इंतजार



भारतीय तीरंदाज 1988 में पदार्पण के बाद से नियमित रूप से ओलंपिक में हिस्सा लेते रहे हैं पर अभी तक पदक नहीं जीत पाए हैं। अब भारतीय तीरंदाज गुरुवार को क्वालीफिकेशन दौर से अभियान शुरू करेंगे। राय ने कहा, हमारे पास पदक जीतने की काबिलियत थी, लेकिन मामूली अंतर से इससे चूकते रहे और खाली हाथ लौटे। पर इस बार हम सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं, हमने इन चीजों को नियंत्रण में रखा है।

### खाता नहीं खुला

40 साल के राय अपने चौथे ओलंपिक में पहला पदक जीतने की कोशिश में जुटे हैं। उन्होंने वैश्विक से महाद्वीपीय स्तर तक हर चैंपियनशिप में पदक जीते हैं, बस ओलंपिक में ही कोई पदक हासिल नहीं कर पाए हैं। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप (2005, 2019) में दो रजत, तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित नौ विश्व कप पदक, एशियाई चैंपियनशिप में दो रजत और एक कांस्य पदक जीते हैं। राय ने खास बातचीत में कहा, हर दिन भावनात्मक होता है। यह चौथा मौका है। मेरे लिए यह 'अभी नहीं तो कभी नहीं वाली स्थिति है। मैं साथी तीरंदाजों से भी कहता हूं। शायद कोई अपना पहला या दूसरा ओलंपिक खेल रहा हो, लेकिन उसे इस तरह सोचना चाहिए कि 'अभी नहीं तो कभी नहीं। आप ऐसे प्रयास करे जैसे यह आपका आखिरी ओलंपिक हो।

श्रीलंका दौरा

# टीम भारतीय खिलाड़ियों के संन्यास का फायदा उठाए: जयसूर्या

एजेंसी | पल्लेकेले

श्रीलंका के अंतरिम मुख्य कोच सनथ जयसूर्या उम्मीद है कि उनकी टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे स्टार खिलाड़ियों के संन्यास का फायदा उठाएगी। इन दोनें के साथ ही ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने पिछले महीने भारत की विश्व कप जीत के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले लिया था।

### भरूचा कर रहे मदद

उन्होंने बुधवार को प्रएस कांफ्रेंस में खुलासा किया कि आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा ने भारत के खिलाफ 27 जुलाई से यहां शुरू होने वाली टी-20 सीरीज की तैयारी में उनके बल्लेबाजों की मदद की है।

### 27 जुलाई से शुरू हो रही है टी-20 सीरीज

सनथ ने कहा, भारत को सूर्य के रूप में नया कप्तान मिलने का लाभ उठाए मेजबान टीम



### छह दिन काम किया

जयसूर्या ने कहा, हम राजस्थान रॉयल्स से जुबिन को लाए और छह दिन उनके साथ काम किया। एलपीएल में खेलने बाद अन्य क्रिकेटर भी उनके साथ जुड़े। मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ियों ने सीख लिया है कि आप (प्रबंधन) अभ्यास और तकनीक के मामले में उनसे क्या चाहते हैं। उन्होंने कहा, तैयारी अच्छी थी और टी-20 शुरू होने से पहले कैंडी में हमारे पास दो दिन और हैं। जयसूर्या ने कहा कि भरूचा के साथ सत्र काफी गहन रहे और खिलाड़ियों ने उनसे काफी कुछ सीखा

### टीम फायदा उठाए

भारत को टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए सूर्यकुमार यादव के रूप में नया कप्तान भी मिला है। जयसूर्या ने अपनी टीम से इस अवसर का पूरा लाभ उठाने को कहा। जयसूर्या ने कहा, रोहित शर्मा और विराट कोहली दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं। उनकी प्रतिभा और उन्होंने जिस तरह का क्रिकेट खेला है, उसे देखते हुए हम सभी जानते हैं कि वे और जडेजा किस स्थान पर हैं। उनकी गैरमौजूदगी भारतीय टीम के लिए नुकसान है और हमें इसका अधिकतम फायदा उठाना होगा।

## करियर का सबसे यादगार पल, फेडरर से मिलना : शरत

एजेंसी | पेरिस



पेरिस ओलंपिक में भारत के ध्वजवाहक और दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल के लिए ओलंपिक खेलों में सबसे यादगार पल महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर से मिलना रहा। शरत ने पहली बार 2004 में ओलंपिक खेलों में भाग लिया था और तब पहली बार उन्हें फेडरर से मिलने का मौका मिला था। इस 42 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय पुरुष टीम इस बार पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर पाई है। शरत ने 2004 की यादों को ताजा करते हुए अल्टीमेट टेबल टेनिस से कहा, एक दिन मैं लंच करने के लिए जा रहा था तभी मुझे एक व्यक्ति टेनिस बैग लिए हुए आते दिखा। उसके बाल खुले हुए थे और मैं उसे पहचान नहीं पाया था। हम एक-दूसरे के पास से गुजरे और जब मैं अपनी प्लेट लेने के लिए गया तब मुझे एहसास हुआ कि यह तो रोजर फेडरर है। मैं बहुत खुश था और मैंने उनके जितना संभव हो उतना करीब जाने का प्रयास किया। हम एक ही टेबल पर खाना खा रहे थे। तभी एक और व्यक्ति आया। उन्होंने हाथ मिलाया। मैंने उन्हें दिखा। वह एंडी रॉडिक था।

शीतकालीन ओलंपिक

## फ्रांस में 2030, अमेरिका को 2034 की मेजबानी



एजेंसी | पेरिस

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2030 में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी फ्रांस के फ्रेंच एल्प्स और 2034 की मेजबानी अमेरिका के साल्ट लेक सिटी को सौंपने का फैसला किया है। बुधवार को फ्रांस को मेजबानी कुछ शर्तों के आधार पर सौंपी गई, पर अभी हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

### नई सरकार शर्तें पूरा करेगी

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने आईओसी को आश्वासन दिया कि ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2024 के संपन्न होने के बाद जो सरकार गठित होगी, वह आयोजन से संबंधित सभी शर्तों को पूरा करेगी। जो भी व्यक्ति प्रधानमंत्री बनेगा, उन्हें इन शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। आईओसी ने इसके लिए एक अक्तूबर की समय सीमा तय की है। आईओसी के सदस्यों ने उनके आश्वासन को स्वीकार करके फ्रांस को मेजबानी सौंपने के पक्ष में मतदान किया। फ्रांस की मेजबानी के पक्ष में 84 सदस्यों ने जबकि चार सदस्यों ने विरोध में मतदान किया। सात सदस्यों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। आईओसी सदस्यों ने फिर 2034 के शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए साल्ट लेक सिटी की बोली पर भी मोहर लगाई।

मुंबई के मैदानों से

## फाइनल में आकांक्षा गुप्ता



दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र की गैरवरीय आकांक्षा गुप्ता ने जोरदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रथम वरीयता हासिल रीवा निंबाळकर को 7-11, 11-8, 11-5, 11-8 से पराजित करके बांबे जिमखाना पर खेली जा रही 47वें महाराष्ट्र राज्य ओपन अखिल भारतीय स्क्वैश प्रतियोगिता के गर्ल्स अंडर-19 एकल वर्ग के फाइनल में जगह बनाई। खिताबी दौर में उनकी भिड़ंत राजस्थान की हर्षिणी पांडे से होगी, जिन्होंने ने तमिलनाडू की सहाया एडलिन क्वीन को 11-3, 11-7, 11-7 से हराया। इसके अलावा महिलाओं के एकल सेमीफाइनल में ऐश्वर्य खूबचंदानी ने अंजलि सेमवाल को 11-7, 8-11, 11-5, 10-12, 11-1 से और सुनीता पटेल ने सचिका इंगळे को 6-11, 11-8, 11-4, 11-6 से तथा पुरुषों के एकल सेमीफाइनल में महाराष्ट्र के वीर चोटरानी ने ओम सेमवाल को 11-8, 11-6, 11-9 से और महेश माणगांवकर ने राहुल बैठा को 11-7, 11-3, 11-7 से हराया और खिताबी दौर का सफर तय किया।

विश्व जूनियर स्क्वॉश

## पुरुष छठे, महिला टीम सातवें स्थान पर

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत अमेरिका के ह्यूस्टन में आयोजित की गई विश्व जूनियर स्क्वॉश चैंपियनशिप में पुरुष और महिला वर्ग में क्रमश: छठे और सातवें स्थान पर रहा। भारतीय पुरुष टीम पांचवें स्थान के लिए खेले गए मैच में इंग्लैंड से 1-2 से हार गई। शौर्य बावा ने पहला मैच जीतकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन युवराज वाधवानी और अयान वाजिलल्ली अपने मुकाबले हार गए। महिला टीम ने सातवें स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड को 2-1 से हराया।

# राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की 'स्त्री 2' का पहला गाना जारी

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। यह फिल्म 2018 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब 6 साल बाद 'स्त्री' की दूसरी किस्त दर्शकों का मनोरंजन करने को तैयार है। 18 जुलाई को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। अब निर्माताओं ने 'स्त्री 2' का पहला गाना 'आज की रात' जारी कर दिया है, जिसमें तमन्ना भाटिया डांस करती नजर आ रही हैं।



### 15 अगस्त को होगी रिलीज

'आज की रात' को मधुबंती बागची, दिव्या कुमार और सचिन-जिगर ने मिलकर गाया है। इस गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। गाने को सचिन-जिगर ने कंपोज किया है। पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक ने किया है। 'स्त्री 2' 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना 'खेल खेल में', 'पुष्पा : द रूल' और 'वेदा' से होगा।





# संजय दत्त और रवीना टंडन की 'घुड़चढ़ी' का ट्रेलर जारी

अभिनेत्री रवीना टंडन और अभिनेता संजय दत्त की आने वाली फिल्म 'घुड़चढ़ी' का दर्शक पिछले लंबे वक्त से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। खुशाली कुमार और पार्थ समथान भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने 'घुड़चढ़ी' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो रोमांस और कॉमेडी से भरपूर है। इस फिल्म में दर्शकों को दो अलग-अलग रवीना-संजय और खुशाली-पार्थ की प्रेम कहानी देखने को मिलेगी।

### जियो सिनेमा पर रिलीज होगी फिल्म

'घुड़चढ़ी' सिनेमाघर में नहीं, बल्कि OTT प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। फिल्म का प्रीमियर 9 अगस्त, 2024 से होने जा रहा है। बिनॉय गांधी ने इस फिल्म का निर्देशन किया है, वहीं फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। बिनॉय इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, निधि दत्त और बिनोय इस फिल्म के निर्माता हैं। फिल्म का पोस्टर पहले ही सामने आ चुका है।



## अली फजल ने राज और डीके संग मिलाया हाथ

अभिनेता अली फजल को इन दिनों अमेजन प्राइम वीडियो की सुपरहिट वेब सीरीज 'मिर्जापुर' की तीसरी किस्त में देखा जा रहा है। इस सीरीज में वह 'गुड्डू पंडित' बन सबका दिल जीत रहे हैं। उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हो रही है। इसके अलावा अली अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में हैं। हाल ही में वह एक बेटी के पिता बने हैं। अब अली की आगामी परियोजना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है।

### अगले हफ्ते शुरू होगी 'रक्त ब्रह्मांड' की शूटिंग

पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अली ने एक वेब सीरीज के लिए साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु के साथ हाथ मिलाया है। इस सीरीज का नाम 'रक्त ब्रह्मांड' है, जिसके निर्देशन की कमान राज और डीके करने वाले हैं। इस सीरीज में आदित्य रॉय कपूर और वामिका गब्बी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। खबर है कि 'रक्त ब्रह्मांड' की स्क्रिप्ट लिखी जा चुकी है और अगले हफ्ते से मुंबई में सीरीज की शूटिंग शुरू होगी।



## अजय देवगन ने फिर मिलाया लव रंजन से हाथ

अजय देवगन को पिछली बार फिल्म 'मैदान' में देखा गया था। भले ही उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली, लेकिन अजय ने अपनी दमदार अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत लिया। यही वजह है कि उनकी आने वाली फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। खबर है कि अजय ने एक और एक्शन फिल्म साइन कर ली है और खास बात यह है कि इस फिल्म में उन्हें एक बार फिर लव रंजन का साथ मिला है।



### तीसरी बार लव के साथ काम कर रहे अजय

अजय और लव के बीच अब काफी अच्छी दोस्ती हो गई है। दोनों ने फिल्म 'दे दे प्यार दे' में साथ काम किया था। फिलहाल वे इसके सीक्वल 'दे दे प्यार दे 2' पर काम कर रहे हैं और अब इसी के साथ अजय और लव एक और फिल्म में साथ काम करने वाले हैं।

### कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग और कब होगी रिलीज?

यह एक बड़े बजट की एक्शन फिल्म है। इसमें अजय का एक अनदेखा अवतार देखने को मिलेगा। निर्माता-निर्देशक अजय संग इस एक्शन के सफर पर निकलने के लिए बेहद उत्साहित और रोमांचित हैं। दिसंबर, 2024 में फिल्म की शूटिंग शुरू होगी।

न्यूज़ ब्रीफ

## एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए सरकार पर दबाव डालेंगे : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किसान नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से बुधवार को मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)



की कानूनी गारंटी किसानों का हक है। यह सुनिश्चित करने के लिए इंडिया गठबंधन के घटक दल सरकार पर दबाव बनाएंगे। किसान नेताओं ने राहुल गांधी के संसद भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। इसके बाद राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की बात कही थी। हमने आकलन किया है कि ये बिल्कुल किया जा सकता है। इस बारे में हमने किसान नेताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा, हमने तय किया है कि इंडिया गठबंधन के नेताओं से चर्चा कर, हम सरकार पर एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए दबाव बनाएंगे।

## जैविक हमले के खतरे पर कोई विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं : सरकार

**नई दिल्ली।** नित्यानंद राय ने एक लिखित प्रश्न के उत्तर में राज्यसभा में जानकारी दी कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास जैविक हमले के किसी भी खतरे के बारे में फिलहाल कोई विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार देश पर होने वाले किसी भी जैविक हमले का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। ऐसे किसी भी संकट या आपदा का प्रभावी ढंग से जवाब देने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई है। इसके अलावा, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने जैविक युद्ध और जैव आतंकवाद सहित जैविक आपदाओं पर दिशा-निर्देश प्रकाशित किए हैं।

## हाथ से गंदगी ढोने की प्रथा की कोई रिपोर्ट नहीं: सरकार

**नई दिल्ली।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने मंगलवार को संसद में कहा कि पिछले पांच सालों में देश में हाथ से गंदगी ढोने की प्रथा की कोई रिपोर्ट नहीं है। राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले ने कहा कि विभाग ने सभी जिलों से अनुरोध किया है कि वे या तो खुद को हाथ से गंदगी ढोने की प्रथा से मुक्त घोषित करें या फिर अस्वच्छ शौचालयों और इससे जुड़े हाथ से गंदगी ढोने वालों का डेटा 'स्वच्छता अभियान मोबाइल ऐप पर अपलोड करें।

## मंकी ब्रिज के संरक्षण का कार्य अंतिम चरण में

**नई दिल्ली।** रिंग रोड स्थित मंकी ब्रिज के संरक्षण का कार्य लगभग पूरा हो गया है। संरक्षण के लिए बंद रास्ते को वाहन चालकों के लिए जुलाई के आखिर तक खोल दिया जाएगा। करीब ढाई महीने से संरक्षण कार्य चल रहा था। इसके चलते रिंग रोड के एक हिस्से पर आवाजाही बंद थी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के एक अधिकारी ने बताया कि ब्रिज की तीन मेहराब(आर्च) है। जिसके नीचे से कश्मीरी गेट जाने के लिए वाहन गुजरते हैं। इसमें एक मेहराब का हिस्सा ट्रक की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया था।

# बारिश से बेहाल देश, कइयों की मौत

## गुजरात में बारिश से इमारत गिरी, 3 की मौत | छत्तीसगढ़ में NMDC का डैम टूटा

- शहर में पानी घुसा
- 100 मकान ढहे, गाड़ियां बहीं

**एजेंसी । नई दिल्ली**

गुजरात में पिछले दो दिन से लगातार बारिश हो रही है। द्वारका के खंभालिया में एक तीन मंजिला इमारत गिरने से एक बुजुर्ग महिला और दो बच्चियों की मौत हो गई। गुजरात के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। बाढ़ का असर सबसे ज्यादा सूरत, वडोदरा और नवसारी में देखने को मिल रहा है। सूरत में पिछले 48 घंटों में 13 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई है। यहां आज भी तेज बारिश का अलर्ट है। वडोदरा में बुधवार सुबह 6 बजे से 12 बजे तक 4.5 इंच बारिश हुई, जिससे कई इलाकों में पानी भर गया। वहीं, नवसारी जिले में भारी बारिश से कावेरी नदी का जलस्तर बढ़ने से कई गांवों में बाढ़ का पानी घुसने का खतरा बढ़ गया है। इसके अलावा आज सौराष्ट्र के तटीय इलाकों में भी भारी बारिश का अलर्ट है।



### छत्तीसगढ़ का हाल

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में भारी बारिश की वजह से दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल में स्थित NMDC का चेक डैम टूट गया। इससे डैम का पानी किरंदुल शहर में घुस गया। इस दौरान करीब 100 से ज्यादा मकान-दुकान ढह गए। पानी का फ्लो इतना तेज था कि सड़क पर खड़े छोटे-बड़े वाहन बहने लग गए। मुख्य सड़क से लेकर बस्तियों की सड़कें और गलियां तक उखड़ गईं।

### मध्य प्रदेश में कई नदियां, बांध और तालाबों में पानी का लेवल बढ़ा :

इसके अलावा मध्य प्रदेश में भी बारिश के कारण कई नदियां, बांध और तालाबों में पानी का लेवल बढ़ गया है। 24 घंटे में इंदिरा सागर, तिघरा, तवा, बरगी जैसे बड़े डैम में 3 से 6 फीट तक पानी बढ़ा है। बैतूल के सतपुड़ा, मंडला में नैनपुर के थावर और श्योपुर के डैम के गेट खोलना पड़े हैं। आज MP-महाराष्ट्र समेत 9 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।



### यूपी के 10 जिले बाढ़ से प्रभावित

उधर, नेपाल से सटे इलाकों में तेज बारिश के कारण उत्तर प्रदेश के लखीमपुर, गोरखपुर, महाराजगंज, गोंडा, बहराइच समेत 10 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। गोरखपुर में राप्ती नदी उफान पर है। नदी के किनारे बसे गांवों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। करीब 40 हजार लोग प्रभावित हैं।

### आगे कैसा रहेगा मौसम...

- 25 जुलाई को ओडिशा, कोंकण, गोवा, गुजरात, केरल में भारी से बहुत भारी बारिश (12 सेमी से ज्यादा) हो सकती है।
- हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम, मेघालय, मणिपुर, नगालैंड, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश (7 सेमी) की संभावना है।
- जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, विदर्भ (महाराष्ट्र), छत्तीसगढ़ और बिहार में बिजली गिरने की संभावना है।

# कांग्रेस अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने बाढ़ प्रभावित इलाके का किया दौरा



पीड़ितों से की बातचीत

**एजेंसी । अमरावती**

देश के कई राज्य इन दिनों भारी बारिश और बाढ़ का सामना कर रहे हैं। कई राज्यों में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। देश के दक्षिणी राज्य आंध्र प्रदेश में भी इन दिनों भारी बारिश हो रही है जिसके कारण बाढ़ के हालात बन गए हैं। आंध्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष वाईएस शर्मिला राज्य में बाढ़ की स्थिति की ओर केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए कमर तक बाढ़ के पानी में उतर गईं। कांग्रेस अध्यक्ष ने पश्चिमी गोदावरी जिले के ताड़ेपल्ली ग्रामीण मंडल के अंतर्गत नंदमुर गांव में बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त फसलों का भी निरीक्षण किया।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने की केंद्र सरकार की निंदा

शर्मिला ने पिछले एक दशक में राज्य को पर्याप्त सहायता न देने के लिए केंद्र सरकार की भी निंदा की। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से आंध्र प्रदेश के किसानों के लिए ऋण राहत की दिशा में काम करने का आग्रह किया। शर्मिला ने कहा कि ऐसा लगता है कि मोदी सरकार आंध्र प्रदेश को भारत का हिस्सा नहीं मानती। जबकि बिहार, असम और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों को बाढ़ नियंत्रण और पुनर्वास के लिए अतिरिक्त धनराशि मिली है, वहीं एनडीए शासित आंध्र प्रदेश को बाढ़ के कारण लोगों को हो रही परेशानियों के लिए कोई राहत नहीं मिली है।

# सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर खोलने के आदेश पर रोक लगाई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अंबाला के पास शंभू बॉर्डर खोलने के हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने वहां पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। बॉर्डर पर किसान अपनी मांगों को लेकर 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ ने इस आदेश के साथ ही शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों की मांगों का समाधान तलाशने के लिए एक स्वतंत्र समिति गठित करने का प्रस्ताव दिया है। पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकार से एक सप्ताह के भीतर समिति में सदस्यों के लिए कुछ नाम सुझाने को कहा। समिति किसानों से वार्ता करेगी। कोर्ट ने यह प्रस्ताव किसानों और सरकार के बीच विश्वास की कमी को देखते हुए रखा है। साथ ही कहा कि एक तटस्थ मध्यस्थ की आवश्यकता है जो किसानों और सरकार के बीच विश्वास पैदा कर सके। शीर्ष अदालत पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली हरियाणा सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही है। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को एक सप्ताह के भीतर शंभू बॉर्डर से बैरिकेड्स हटाने का आदेश दिया था।



- यथास्थिति बनाए रखने का आदेश
- किसानों की मांगों के लिए समिति बनेगी

### विश्वास की कमी

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा कि किसानों से बातचीत के लिए कुछ कदम उठाने होंगे। अन्यथा वे दिल्ली क्यों आएंगे? आप यहां से मंत्रियों को भेज रहे हैं और उनके नेक इरादों के बावजूद विश्वास की कमी है। कोर्ट ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर उचित निर्देश दिए जाएं। तब तक बॉर्डर पर स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए सभी पक्षकारों को प्रदर्शन स्थल पर यथास्थिति बनाए रखने दें। सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बॉर्डर खोलने का विरोध किया।

## ग्लोबल पासपोर्ट इंडेक्स में भारत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** देश की ताकत का अंदाजा उसके पासपोर्ट से लगाया जाता है। सिंगापुर का पासपोर्ट दुनिया में सबसे पावरफुल पासपोर्ट है।अब पासपोर्ट रैंकिंग की लिस्ट में भारत ने भी बढ़ोतरी की है। यूके

**58 देशों में मिलेगी वीजा फ्री एंट्री**

स्थित हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की रैंकिंग के अनुसार, भारत को इस लिस्ट में 82वां स्थान मिला है। रैंकिंग इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) के आंकड़ों पर आधारित है। 2022 में भारत 87वें स्थान पर था। वहीं 2023 में भारत को 84वां स्थान प्राप्त हुआ था। भारत के पासपोर्ट पर 58 देशों में वीजा फ्री एंट्री है। सिंगापुर के पासपोर्ट वाले लोग 195 देशों में वीजा फ्री एंट्री कर सकते हैं, सिंगापुर का पासपोर्ट दुनिया का सबसे ताकतवर पासपोर्ट है।

# आतंकवादी जेल में रहेंगे या जहन्नुम जाएंगे : नित्यानंद राय

**एजेंसी । नई दिल्ली**

कश्मीर सहित देश की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए सरकार ने बुधवार को कहा कि उसकी नीति आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की है और आतंकवादी या तो जेल में रहेंगे या जहन्नुम में जाएंगे। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को अगस्त 2019 में हटाए जाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना ने 900 से अधिक आतंकियों को मार गिराया है। उन्होंने स्वीकार किया कि आतंकी हमलों में हमारे कुछ जवानों की भी जान गई है।

### 'आतंकी घटनाओं पर राजनीति न हो'



केंद्रीय मंत्री ने पूरक प्रश्न के जवाब में बताया कि 2004 से 2014 के बीच आतंकी घटनाओं की संख्या 7217 थी जबकि 2014 से 21 जुलाई 2024 तक ऐसी 2259 घटनाएं हुई हैं, जो नहीं होना चाहिए थीं। इस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने कहा कि कश्मीर जाने वाले पर्यटक के मन में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता होती है। ऐसे में वहां पर्यटकों की सुरक्षा के लिए क्या इंतजाम किए गए हैं।

### 2023 में दो करोड़ से अधिक पर्यटक कश्मीर पहुंचे

राय ने बताया कि 2023 में दो करोड़ 11 लाख पर्यटकों का कश्मीर जाना बताता है कि वहां सुरक्षा की स्थिति है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले तो पर्यटक कश्मीर जाने से डरते थे।

### कश्मीरी पंडितों की वापसी के प्रयास हो रहे

एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में राय ने कहा कि घाटी में कश्मीरी पंडितों की वापसी के लिए प्रयास हो रहे हैं। वहां 6000 रिक्त पदों में से 5700 से अधिक पदों पर नियुक्ति की जा चुकी है। घाटी के विभिन्न जिलों में 2015 में पीएम पैकेज के तहत 6000 ट्रांजिट आवास निर्माण की मंजूरी दी गई थी। उन्होंने कहा कि कश्मीरी पंडितों की वापसी तथा उनके पुनर्वास के लिए नौकरी की व्यवस्था की गई है।

# 5 वर्षों में आरक्षित वर्ग के 1,195 उम्मीदवार अधिकारी नियुक्त

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा में जानकारी दी कि पिछले पांच वर्षों में आरक्षित और पिछड़े वर्ग के 1,195 उम्मीदवारों को आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारी नियुक्त किया गया। सरकार की ओर से एक लिखित जवाब में जानकारी दी गई कि 2018 में 233 अधिकारियों, 2019 में 231, 2020 में 223, 2021 में 250 और 2022 में 258 अधिकारियों को नियुक्त किया गया। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और भारतीय वन सेवा (आईएफएस) में भर्ती संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के माध्यम से संबंधित नियमों के अनुसार होती है।

### वर्ष और श्रेणी वार व्यक्तियों की संख्या साझा

मंत्री ने वर्ष और श्रेणी वार व्यक्तियों की संख्या साझा करते हुए कहा कि मौजूदा निर्देशों के अनुसार आईएएस, आईपीएस और आईएफएस की भर्ती में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को क्रमश: 15 प्रतिशत, 7.5 फीसदी और 27 प्रतिशत की दर से आरक्षण दिया जाता है।

# ओडिशा में मिसाइल टेस्टिंग

## 10 हजार लोग किए गए शिफ्ट, बालासोर के 10 गांव खाली कराए गए

- 300 रुपए मुआवजा मिला, ग्रामीण नाराज

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर में बुधवार को एक मिसाइल की टेस्टिंग होनी है, जिसके लिए 10 गांवों के 10 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया गया है। मिसाइल की टेस्टिंग बालासोर के चांदीपुर के इंटीग्रेटेड टेस्टिंग रेंज (ITR) के लॉन्च पैड-3 से होगी। इसके अलावा मिसाइल से जुड़ी कोई भी जानकारी डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (DRDO) ने फिलहाल शेयर नहीं की है। हालांकि, रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा है कि मिसाइल टेस्टिंग से पहले अलग-अलग फेज में तैयारी की जाती है। इसमें तय किया जाता है कि जमीन पर कितनी दूरी तक मिसाइल का प्रभाव पड़ेगा। इसी प्रोसेस के तहत DRDO ने ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। इसके अलावा उन्हें मुआवजे के लिए 300 रुपए भी दिए गए हैं। हालांकि ग्रामीणों ने इस पर नाराजगी जताई है।

### गांववाले बोले- 300 रुपए का मुआवजा काफी कम



गांववालों ने कहा है कि मुआवजा काफी कम मिल रहा है। जिला प्रशासन ने अस्थायी रूप से विस्थापित लोगों के लिए तय की गई मुआवजे की राशि में लंबे समय से कोई बदलाव नहीं किया गया है। साथ ही कहा कि लॉन्चिंग रेंज में एक तालाब भी आता है, जहां काम करने वाले मछुआरों और खेतिहर मजदूरों को अभी मुआवजा नहीं दिया जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि इस संबंध में बालासोर के SDM को ज्ञापन सौंपा गया है और हमारी मांगों को जल्द मानने की बात कही गई है।

# जम्मू-कश्मीर में एनकाउंटर



- 24 घंटे में दूसरा जवान शहीद
- कुपवाड़ा में एक आतंकी भी ढेर

**एजेंसी । कुपवाड़ा**

कुपवाड़ा के कोवुत इलाके में बुधवार सुबह सेना-आतंकियों के बीच गोलीबारी में एक और जवान शहीद हो गया है। नॉन कमीशंड ऑफिसर दिलावर सिंह अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एनकाउंटर में सेना ने एक आतंकी को मार गिराया है। इससे पहले मंगलवार को पुंछ में एनकाउंटर हुआ था, जिसमें लांस नायक सुभाष कुमार शहीद हुए थे। सेना ने बताया कि उन्हें कोवुत में मंगलवार को 2-3 आतंकियों के मूवमेंट की सूचना मिली थी। सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने फायरिंग की, जिसके बाद एनकाउंटर शुरू हुआ। देर रात दिलावर सिंह को गोली लगी थी। एनकाउंटर में आज सुबह जवानों ने एक आतंकी को मार गिराया। जुलाई 2024 में अब तक जम्मू-कश्मीर में 8 बड़े आतंकी हमले हुए हैं। इनमें कुल 13 जवान शहीद हुए, जबकि सुरक्षाकर्मियों ने 12 आतंकियों को मारा गिराया।

**संसद सत्र** | राज्यसभा में पी. चिदंबरम ने उठाए बजट पर सवाल

# न्यूनतम वेतन, अग्निवीर जैसे मुद्दों पर विपक्ष की 5 मांगें

**एजेंसी । नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद पी चिदंबरम ने बुधवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा केंद्रीय बजट पढ़े जाने के एक दिन बाद राज्यसभा में अपने भाषण में सरकार से पांच सवाल पूछे। पी. चिदंबरम (जिन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए-2 सरकार में वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया) ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से 400 रुपये दैनिक न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित करने और एमएसपी या न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी प्रदान करने की मांग की है। बता दें कि ये सभी मुद्दे वर्ष 2000 से आंदोलनरत किसानों की मुख्य मांग है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार से मार्च तक के शिक्षा ऋणों की बकाया राशि माफ करने, विवादास्पद अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना को समाप्त करने तथा मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए (जो राज्य इसे नहीं चाहते हैं) नीट परीक्षा को समाप्त करने की भी मांग की। इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी पर 'कृपया, कुछ और कॉपी करें' का तंज भी कसा।



### 'वित्त मंत्री इस सदन को बताएंगी पीएलआई का नतीजा'

पी. चिदंबरम ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से सवाल करते हुए कहा कि तो, क्या वित्त मंत्री इस सदन को बताएंगी पीएलआई का नतीजा क्या रहा? एक बार जब हमें नतीजे पता चल जाएंगे तो हम आगे देख सकते हैं कि ईएलआई से क्या उम्मीद की जा सकती है। मंगलवार को अपने भाषण में सीतारमण ने सरकार के सहयोग से तीन ELI की घोषणा की, जिसमें पांच साल की उद्योग इंटर्नशिप योजना (जिसके बारे में कांग्रेस का दावा है कि यह नकल की गई है) भी शामिल है।

### चिदंबरम का भाषण चार प्रमुख मुद्दों पर आधारित

चिदंबरम का भाषण चार प्रमुख मुद्दों पर आधारित था, जिनमें से पहला मुद्दा बेरोजगारी था। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि बेरोजगारी सबसे बड़ी चुनौती है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी ने अनुमान लगाया है कि जून 2024 में अखिल भारतीय बेरोजगारी दर 9.2 प्रतिशत होगी। उन्होंने आगे कहा कि अब, पहले एक उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (नौकरी पैदा करने के लिए) थी। जब आपने रोजगार-लिंक्ड योजना शुरू की तो इसके पीछे कोई कारण रहा होगा। मुझे संदेह है कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पीएलआई ने उस तरह की नौकरियां पैदा नहीं कीं, जैसी आप पैदा करना चाहते थे।

# मणिपुर की महिलाओं ने निकाली रैली

## असम में मारे गए तीन लोगों के लिए मांगा न्याय

**एजेंसी । चुराचांदपुर**

मणिपुर से कुकी और हमार समुदायों की दो महिला संगठनों ने चुराचांदपुर जिले में एक रैली की। रैली के दौरान महिला ने असम में पुलिस मुठभेड़ में तीन हमार शख्स की हत्या की सुप्रीम कोर्ट के जज से जांच कराने की मांग की। कुकी महिला संगठन फॉर ह्यूमन राइट्स और हमार महिला संघ द्वारा आयोजित रैली में भाग लेने वाले लोग मुओलवाइफेई खेल के मैदान से शांति मैदान के पास वॉल ऑफ रिमेंबरेंस तक चले। असम के कछार जिले में कुछ दिन पहले हुई मुठभेड़ के कारण विवाद शुरू हो गया है। पुलिस ने दावा किया था कि मुठभेड़ में हमार के तीन उग्रवादियों को मारा गया।इसके बाद हमार संगठनों ने मुठभेड़ पर सवाल खड़े किए थे। कई हमार समुदाय संगठनों ने असम पुलिस के साथ कथित मुठभेड़ की निंदा करते राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) से इन न्यायेतर मौतों का स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया है।



### मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने किया था पोस्ट

17 जुलाई को सोशल मीडिया पर इस घटना को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने भी बयान दिया है। उन्होंने कहा, सुबह-सुबह एक ऑपरेशन में कछार पुलिस ने असम और पड़ोसी मणिपुर के तीन हमार उग्रवादियों को मार गिराया। पुलिस ने दो एके -47 राइफल, एक दूसरी राइफल और एक पिस्तौल भी बरामद की है। दोनों संगठनों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक ज्ञापन भी लिखा था, 'हम मामले के तथ्यों को समझने के लिए विस्तृत जांच के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल के गठन का अनुरोध करते हैं।'